Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच


वर्ष: 6 अंक: 354 | शनिवार, 27 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह की दो टूक

# 'पहलगाम आतंकी हमले की जांच से कटघरे में आएगा पाकिस्तान'

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत के लोगों ने अपनी सुरक्षा बलों के जरिए पहलगाम आतंकवादी हमले की सफल जांच करके ₹पाकिस्तान के आतंकवादी आकाओं₹ को करारा और मुंहतोड़ जवाब दिया है। गृह मंत्री ने एक आतंकवाद विरोधी बैठक में कहा कि पहलगाम हमले की जांच एक पुख्ता जांच का उदाहरण है। वहीं, आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन्स में पुलिस बलों को बराबरी पर लाने के लिए एक बड़े कदम के तहत, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश भर में पुलिस बलों के लिए एक कॉमन एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (अळर)



स्ट्रक्चर की जरूरत पर जोर दिया और इसे भारत की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बहुत जरूरी बताया। उन्होंने सभी पुलिस महानिदेशकों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द यूनिफॉर्म अळर फ्रेमवर्क को लागू करें। नई दिल्ली में कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद एंटी-टेररिज्म कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि एक स्टैंडर्ड एटीएस स्ट्रक्चर से कानून लागू करने के हर लेवल पर एक जैसी तैयारी सुनिश्चित होगी। गृह मंत्री ने कहा कि पूरे देश में एक यूनिफाइड एटीएस सिस्टम अपनाने से सुरक्षा एजेंसियों को ज्यादा तालमेल और कुशलता से काम करने में मदद मिलेगी। कहा गया कि इस तरह की एकरूपता से एजेंसियों की खतरों का सही-सही अंदाजा लगाने, इंटेलिजेंस को प्रभावी ढंग से शेयर करने और तालमेल वाले आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन चलाने की क्षमता बढ़ेगी। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य की एटीएस यूनिट्स को नेशनल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म जैसे कि गिरफ्तार नशीले पदार्थों के अपराधियों पर नेशनल इंटीग्रेटेड डेटाबेस और नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड का नियमित रूप से इस्तेमाल करना चाहिए।

### एनआईए ने किया बड़े पैमाने पर काम

गृह मंत्रालय के अनुसार, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने कॉमन फ्रेमवर्क डेवलप करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है और इसे पहले ही राज्य पुलिस बलों के साथ शेयर कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये टूल्स जांच को अलग–थलग होने से रोकते हैं और मामलों के बीच छिपे हुए लिंक को खोजने में मदद करते हैं। गृह मंत्री ने सुझाव दिया कि कुछ खास तरह की जांच में इस्तेमाल अनिवार्य किया जाना चाहिए।

# हिमाचल और कश्मीर में बर्फबारी से झूमे पर्यटक, यूपी-पंजाब में घना कोहरा

**नई दिल्ली।**



पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों के मौसम को प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे दर्रों में ताजा हिमपात हुआ है, जिससे पर्यटक उत्साहित हैं, वहीं मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

मौसम विभाग ने नए साल पर कश्मीर में बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पर्यटन स्थलों के गुलजार होने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग, शिंकुला और बारालाचा दर्रे में ताजा हिमपात हुआ, जिसे देखकर पर्यटक झूम उठे। हालांकि, दोपहर बाद मौसम साफ हो गया। अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर ही पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखा, जबकि निचले इलाकों में अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रहे। शिमला, कुफरी और मनाली में भी बादलवाही रही। बिलासपुर और मंडी जिलों में सुबह के वक्त घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही। मौसम विभाग ने हिमाचल के निचले व मैदानी क्षेत्रों में 27, 28 व 29 दिसंबर के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऊना में कोहरे के चलते स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदल दिया गया है; अब वे सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक संचालित होंगे। कश्मीर घाटी में शुक्रवार को दिनभर मौसम खुला रहा, लेकिन शीतलहर जारी रही। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि नव वर्ष पर श्रीनगर समेत घाटी के अधिकांश निचले इलाकों में बर्फबारी का तोहफा मिल सकता है, जिससे पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ने की संभावना है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'अत्यंत खराब' श्रेणी में, एक्यूआई गिरकर 332 पर पहुंचा

# जेपी नड्डा ने भारतीय फामाकोपिया आयोग की प्रगति समीक्षा की



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को भारतीय फामाकोपिया आयोग (आइपीसी) की प्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री ने फामाकोपियल मानकों, फामाकोविजिलेंस सिस्टम और नियामक विज्ञान को मजबूत करने में आइपीसी के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आयोग देश के लोगों और वैश्विक समुदाय के लिए दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास देश की बढ़ती वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता को दशार्ते हैं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। उन्होंने आगे कहा कि आइपीसी भारत और वैश्विक समुदाय के लोगों के लिए दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक

जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन करना और प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में तेजी लाना था। बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, मरीजों की संतुष्टि बढ़ाने, नियामक निगरानी में सुधार करने और 2027 तक टीबी को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## योगी सरकार ने जारी की अधिसूचना

# यूपी में ईंट-भट्ठों के लिए मिट्टी खनन की अब एनओसी अनिवार्य

**लखनऊ।**

प्रदेश सरकार ने ईंट-भट्ठों के लिए मिट्टी के खनन की एनओसी लेना अब अनिवार्य कर दिया है। ईंट भट्ठा संचालकों को मिट्टी खनन से पहले पर्यावरण की एनओसी लेना और पर्यावरणीय शर्तों का पालन करना जरूरी है। इन्हें दो मीटर तक खनन के लिए अभी तक कोई एनओसी की जरूरत नहीं होती थी। प्रदेश में मिली इस छूट को न्यायालय में चुनौती दी गई थी। इसी के बाद अब प्रदेश सरकार ने साधारण मिट्टी के खनन को मिली छूट खत्म कर दी है। बिना एनओसी मिट्टी उठाने पर भट्ठे बंद करने और जुमार्ने तक की कार्रवाई हो सकती है। प्रदेश में करीब 22 हजार ईंट भट्ठा संचालक हैं। इन्हें प्रदेश सरकार ने मई 2020 में दो मीटर तक हाथ से मिट्टी की खुदाई के लिए छूट प्रदान की गई थी। इससे भट्ठा संचालकों को काफी आराम हो गया था उन्हें एनओसी नहीं लेनी पड़ती थी। अब प्रदेश सरकार ने छूट समाप्त कर दी है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव मनीष मित्तल की ओर से जारी आदेश में अब साधारण मिट्टी के खनन को निर्यंत्रित करने के लिए कहा गया है। तालाब, नदियों, मेड़ों और जल संरचनाओं के पास भी साधारण मिट्टी के खनन पर विशेष निगरानी रहेगी। इस आदेश के बाद अब भट्ठा संचालकों को मिट्टी खनन से पहले पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिवेश पोर्टल पर एनओसी के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें उन्हें उस जमीन के कागज लगाने होंगे जहां से उन्हें मिट्टी की खुदाई करनी है। खनन का प्लान भी उन्हें इसके साथ लगाना होगा। ऑनलाइन आवेदन के समय उन्हें यह भी बताना होगा कि जहां खनन करना है वहां प्रदूषण से बचाव के क्या उपाय किए जाएंगे। बिना अनुमति या तय मानकों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को इसका कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है।



# क्रिसमस के दौरान तोड़फोड़ की पूर्व प्रधानमंत्री ने की निंदा

**नई दिल्ली।** कई राज्यों में क्रिसमस समारोह के दौरान तोड़फोड़ और हमलों की घटनाओं की पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने निंदा की। उन्होंने ऐसे कृत्यों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दिल्ली में क्रिसमस प्रार्थना सभा में शामिल होने और ईसाई धर्म के प्रति सम्मान दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की। असम के नलबाड़ी में सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल में तोड़फोड़ के सिलसिले में पुलिस ने बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, असम, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा सहित कई राज्यों में ईसाई समुदायों ने क्रिसमस समारोह के दौरान तोड़फोड़, धमकी और उत्पीड़न की शिकायत मिली थीं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि सरकार शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सिलीगुड़ी के होटलों में भी बांग्लादेशियों की नो एंट्री

**सिलीगुड़ी।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते अत्याचार की घटनाओं ने पूरे देश के साथ-साथ बंगाल के लोगों में भी गुस्सा भड़का दिया है। मालदा के बाद अब दार्जिलिंग जिले के अधीन सिलीगुड़ी में भी होटल व्यवसायियों ने बांग्लादेशी नागरिकों को ठहराने पर प्रतिबंध लगा दिया है। विभिन्न हिंदू संगठनों का प्रदर्शन भी जारी है। इसी कड़ी में बंगीय हिंदू महामंच ने जोरदार प्रदर्शन किया और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस का पुतला फूंका। मालूम हो कि इससे पहले मालदा जिले के होटल मालिकों ने भी इसी तरह का फैसला लिया था। सिलीगुड़ी होटलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव उज्ज्वल घोष ने कहा है कि सभी बांग्लादेशी नागरिकों, चाहे वे मेडिकल वीजा पर आएं या अन्य किसी उद्देश्य से, उनको होटलों में जगह नहीं दी जाएगी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार चरम पर है और वहां के कुछ नेता भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दे रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और देशहित को ध्यान में रखते हुए हमने यह फैसला लिया है।



### हिंदू संगठन का जोरदार प्रदर्शन

# शराब घोटाले में 81 आरोपितों के खिलाफ 29 हजार से अधिक पेजों की चार्जशीट



**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ में हुए 3,200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को 81 आरोपितों के खिलाफ लगभग 29,800 पन्नों की अंतिम चार्जशीट रायपुर विशेष कोर्ट में पेश की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुपालन में दाखिल इस चार्जशीट को जांच में अहम पड़ाव माना जा रहा है। अब कोर्ट में साक्ष्यों के आधार पर ट्रायल (परीक्षण) की प्रक्रिया शुरू होगी।

पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाले की जांच ईडी के साथ ईओडब्ल्यू कर रही है। ईडी ने ईओडब्ल्यू-एसीबी में एफआइआर दर्ज कराई थी। चार्जशीट में शामिल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्यमंत्री सह कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल, पूर्व आइएएस अनिल टुटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया, निरंजन दास समेत कई आरोपित जेल में हैं।

चार्जशीट के अनुसार, सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के तत्कालीन एमडी एपी त्रिपाठी, होटल कारोबारी अनवर ढेबर ने सिंडिकेट के माध्यम से शराब कारोबार में भारी अनियमितताएं कर सरकार को 3,200 करोड़ से अधिक की क्षति पहुंचाई।

# हथियारों की आपात खरीद संबंधी अनुबंधों पर 15 जनवरी तक हो सकेंगे अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने रक्षा बलों को आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत अगले वर्ष 15 जनवरी तक अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति देने के लिए प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने की समय सीमा 19 नवंबर थी। ये शक्तियां रक्षा बलों को ऑपरेशन सिंदूर के बाद दी गई थीं ताकि वे भविष्य के संघर्षों के लिए तैयार हो सकें। रक्षा सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्रालय में शुक्रवार को डीएसी की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह भी बताया गया कि सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कई प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा के लिए डीएसी की सोमवार को फिर बैठक होगी। सेना द्वारा आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत अमेरिका से जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों और एक्सकैलिबर प्रेसिजन-गाइडेड आर्टिलरी गोला-बारूद की खरीद जैसी प्रमुख रक्षा परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। बजट में रक्षा बलों के लिए आवंटित पूंजीगत खर्च का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा सरकार द्वारा आपातकालीन खरीद के लिए उपयोग करने की अनुमति दी गई है। मंत्रालय ने कठोर रुख अपनाया है कि आपातकालीन खरीद मामलों में देरी की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के एक वर्ष के भीतर डिलीवरी नहीं की गई तो डिफाल्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रूस ने बीते चार वर्षों में यूक्रेन युद्ध के दौरान अपने हथियारों और गोला-बारूद का उत्पादन 22 गुना बढ़ाया है। यह जानकारी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सरकारी टेलीविजन पर देश को संबोधित करते हुए दी है। पुतिन ने बताया कि इस दौरान टैंकों का उत्पादन दो गुना से ज्यादा हुआ जबकि सैन्य विमानों का उत्पादन 4.6 गुना बढ़ा है। बाकी के हथियारों और उपकरणों का उत्पादन भी कई गुना बढ़ा है। रूसी सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर पुतिन ने कहा, यूक्रेन में चल रही लड़ाई का स्वरूप बदलता जा रहा है। इसलिए हथियारों और गोला-बारूद का उत्पादन बढ़ाया गया है।





### रक्षा अधिग्रहण परिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

## संपादक की कलम से

# बस्ती में जंगल के जख्म

जंगल की रात सोया एक आदमी, बस्ती में आ के आदमखोर ने तोड़ा आदमी। मंडी जिला के बल्ह की भडयाल पंचायत की सुबह ने देखी दो खूंखार आंखें और मातम की गोद में चालीस वर्षीय साली कुमार की लाश रख दी गई। वह जंगल टाप कर आया था। उसे बस्ती में नहीं आना चाहिए था, लेकिन वन महकमे के कानून इस कद्र हावी हैं कि पर्यावरण की जन्नत बनाते ही हिमाचल के घर, खेत और जमीन बर्बाद होने लगे हैं। आखिर वन



ललित शर्मा
संपादक

विभाग पोस्टमार्टम करवाएगा, जहां डाक्टर लिखेंगे मौत के कारण में एक आदमखोर तेंदुआ, फिर इस मौत का सौदा हो जाएगा। वन विभाग मौत का मुआवजा देगा और फिर कहीं कोई अन्य तेंदुआ, भालू या नील गाय अपनी आवारगी में नागरिकों की बस्ती में जख्म भर देगी। आश्चर्य यह कि वन विभाग की टहनियां अकसर आम नागरिक को डराती हैं, लेकिन जंगल और जंगली जानवरों से बचा नहीं पातीं। शिकार की टोह में तेंदुआ भयक्रांत नहीं था। उसे मालूम था कि उसके जख्म भरने के लिए वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कानून खड़े हैं। इसी रक्षा कवच को पहने वन विभाग का तेंदुआ एक–एक करके वार करता रहा। गनीमत यह कि दीनानाथ बच गया, क्योंकि उसने दस मिनट तक तेंदुए के साथ संघर्ष किया। उसकी बीवी ने तावड़तोड़ प्रहार किए या बेटा आग का दरिया ले आया, वरना ऐसे घातक प्रहार से कौन किसे बचा पाता। एक 68 वर्षीय डागू राम की तारीफ होनी चाहिए कि उसने अपने अदम्य साहस से गांव की चंपा देवी को बचा लिया। बचाने की कोशिश तो हर बार होती, लेकिन कई बार जंगल के रास्ते बस्ती उजड़ जाती। जंगली जानवरों के आगे जनता की मासूमियत को वन विभाग का साथ नहीं मिलता, लेकिन जंगल की आन बान शान के खिलाफ हर बार इनसान धरा जाता रहा। जाहिर है इनसान की बस्ती को जंगल व जंगली जानवर डरा रहे हैं। कभी जंगल की आग तपा कर झुलसा देती, तो कभी वन्य प्राणियों के प्रहार से मानव सभ्यता को दहशत का सामना करना पड़ता है। बंदर और सूअरों के निशान से भयभीत किसान अकसर खेत को वीरान छोड ? लगा है। तेंदुआ बस्ती तक न पहुंचे इसके लिए वन विभाग क्या कर रहा है। बंदर प्रजाति को बचाने तथा इसे ठिकाने लगाने के विरोध में कड़े फैसले लेने वालों की बिरादरी यह बताए कि इनकी रिहाइश का जिम्मा कौन उठाएगा। खेतों से आलू तथा अन्य सब्जियां उखाड ? वाले सूअर को कौन सा विभाग सूअर मानेगा। जंगल में मानवीय गतिविधियां रोकने वाला विभाग पर्यावरण संरक्षण के नाम पर नागरिकों का जीना मुहाल कर सकता या विकास कार्यों को जंगल के पत्ते–पत्ते पर फेंट सकता है, लेकिन यह प्रण नहीं लेता कि अगर एक तेंदुआ भी बस्ती में आकर मावन जीवन को नुकसान पहुंचाएगा, तो उस परिवार का भरण पोषण जंगल की आय से कब होगा। क्यों न वन्य प्राणियों के प्राणघातक हमलों में मारे गए लोगों को वन विभाग के खिलाफ कानूनी अधिकार मिले। आखिर जंगल और बस्ती के बीच कितनी दूरी और कितनी निकटता चाहिए। बहरहाल मंडी की घटना पूरे गांव को आहों और भय से भर देती है। अगर इसी तेंदुए के टब्बर को बार–बार भ्यूली गांव का रास्ता दिखाई दिया, तो कौन बचाने आएगा। कहना न होगा कि हिमाचल में पर्यावरण के नारे लगाने वाली जमात और नीति नियंता भी सोचें कि हमने 68 फीसदी जंगल उगाकर वन के खतरों को नागरिक बस्तियों में गाड़ दिया है। अगर जंगली जानवर की खुराक में किसी मृतक के परिवार को चार लाख मुआवजा मिलता भी है, तो यह राहत अमानवीय है। जंगल के नाम पर मौत ही हासिल होनी है, तो कुछ जड़ें फिर से खोदनी पड़ेंगी।

# विजन 2047 की दिशा में केंद्रीय बजट 2026- 27-अमृत काल से विकसित भारत तक की निर्णायक कड़ी - अंतर्राष्ट्रीय समग्र विश्लेषण



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत विजन 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है, जहाँ देश को स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर एक समृद्ध, समावेशी, नवोन्मेषी और मानवीय मूल्यों से युक्त वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया गया है।इस यात्रा में हर वार्षिक बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं,बल्कि सामाजिक दिशा- सूचक और राष्ट्रीयप्राथमिकताओं का दर्पण होता है। 1 फरवरी 2026 को प्रस्तुत होने वाला केंद्रीय बजट इसी अर्थ में अत्यंत निर्णायक है,बजट 2026-27 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और वित्त मंत्रालय के गलियारों में हलचल तेज हो गई है उम्मीद है बजट 2026 2027 में भी सरकार अपने विकास के मंत्र पर कायम रहेगी, इसका मतलब है, पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था का इंजन बना रहेगा। हालांकि यह भी उम्मीद है कि वित्तमंत्री का एक हाथ विकास की डोर थामेगा तो दूसरा राजकोषीय घाटे की लगाम कसेगा,क्योंकि यह मध्यम वर्ग, युवाओं, श्रमिकों, किसानों, उद्योगों और स्वास्थ्य- शिक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाते हुए अगले दशक की नींव रख सकता है। बजट 2026 से अपेक्षा है कि वह विकास + कल्याण के भारतीय मॉडल को वैश्विक मानकों के अनुरूप मजबूती दे।संभावित 1 फरवरी 2026 को वित्त मंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश किए जाने की पूरी संभावना है, हालांकि इस दिन रविवार और गुरु रविदास जयंती होने के कारण तारीख बदलने या इसपर संसदीय समिति द्वारा विचार करने की अटकलें चल रही हैं,लेकिन मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि परंपरा को बनाए रखने के लिए 1 फरवरी की संभावना अधिक है और इस बार शेयर बाजार भी खुल सकता है।सरकार ने आगामी बजट के लिए जनता से 16 जनवरी 2026 तक सुझाव मांगे हैं, जिसमें सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। यह पहल नागरिकों को बजट निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने और अपनी अपेक्षाओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। सरकार का उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देना है, जिसके लिए जनता से मिले सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा।इससे पहले पिछले महीने,केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री ने आगामी केंद्रीय बजट 2026 -27 की तैयारियों के तहत नई दिल्ली में पूर्व- बजट परामर्श के कई दौर पूरे किए। इस श्रृंखला की शुरूआत प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ परामर्श से हुई। इसके बाद किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों व बाद के सत्रों में एमएसएमई, पूंजी बाजार, स्टार्टअप, विनिर्माण, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा), सूचना प्रौद्योगिकी,पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र, और अंत में ट्रेड यूनियन और श्रमिक संगठनों के हितधारकों सहित करीब 13 से अधिक बैठकें की गई है व उनके साथ परामर्श किया गया। साथियों बात अगर हम विजन 2047 और बदलती राष्ट्रीय प्राथमिकताएँ इसको समझने की करें तो,विजन 2047 का मूल दर्शन केवल जीडीपी वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव विकास सूचकांक,जीवन की गुणवत्ता, सामाजिक न्याय और



सतत विकास को केंद्र में रखता है।वैश्विक अनुभव बताता है कि जो देश दीर्घकालिक रूप से सफल हुए ,उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार को समानांतर रूप से सुदृढ़ किया। बजट 2026 को इसी समग्र दृष्टि से देखा जा रहा है,जहाँ आर्थिक वृद्धि का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुँचे, और मध्यम वर्ग पर बढ़ते दबाव को सख़्ती से कम किया जाए। साथियों बात अगर हम बजट 2026 में सस्ती शिक्षा, सस्ता इलाज और मध्यम वर्ग के लिए रोजगार पर विशेष ध्यान की आवश्यकता को समझने की करें तो,मध्यम वगः भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़-भारतीय मध्यम वर्ग न केवल उपभोक्ता मांग का प्रमुख स्त्रोत है,बल्कि कर आधार, उद्यमिता और सामाजिक स्थिरता की रीढ़ भी है। पिछले कुछ वर्षों में महँगाई, शिक्षा शुल्क, स्वास्थ्य खर्च और आवास लागत में वृद्धि ने मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त बोझ डाला है। बजट 2026 से अपेक्षा है कि वह इस वर्ग को राहत देने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उपाय करे जैसे कर संरचना में सुधार, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार और कौशल-आधारित रोजगार सृजन।सस्ती शिक्षाःमानव पूंजी में दीर्घकालिक निवेश विकसित देशों का अनुभव बताता है कि शिक्षा पर किया गया निवेश सबसे अधिक सामाजिक प्रतिफल देता है। भारत में उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की लागत तेजी से बढ़ी है।

बजट 2026 में सार्वजनिक शिक्षा संस्थानों की क्षमता बढ़ाने, डिजिटल और हाइब्रिड लर्निंग को सस्ता बनाने, छात्रवृत्ति और शिक्षा ऋण पर ब्याज सब्सिडी जैसी पहलों की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिनलैंड, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने सस्ती या लगभग मुफ्त उच्च शिक्षा के माध्यम से नवाचार और उत्पादकता को बढ़ाया,भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ सकता है।सस्ता इलाजःस्वास्थ्य सुरक्षा सेआर्थिक सुरक्षा तकस्वास्थ्य खर्च भारत में गरीबी के प्रमुख कारणों में से एक है। मध्यम वर्ग अक्सर बीमा कवरेज के बावजूद उच्च आउट-ऑफ- पॉकेट खर्च झेलता है।बजट 2026 में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, जिला स्तर पर उन्नत अस्पताल, जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य बीमा कवरेज के विस्तार पर जोर आवश्यक है। सस्ता इलाज केवल मानवीय आवश्यकता नहीं, बल्कि आर्थिक उत्पादकता बढ़ाने का साधन भी है।

रोजगार सृजनः युवाओं की आकांक्षाओं का उत्तरभारत की जनसांख्यिकीय संरचना युवा है, और रोजगार सृजन सबसे बड़ी चुनौती। बजट 2026 में श्रम-गहन क्षेत्रों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और ग्रीन जॉब्स को बढ़ावा देकर टिकाऊ रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुभव दशार्ता है कि कौशल प्रशिक्षण को उद्योग की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने पर ही रोजगार टिकाऊ बनता है।

साथियों बात अगर हम कैंसर जैसी भयंकर बीमारी पर रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रोडमैप की अनिवार्यता को समझने की करें तो, कैंसरःस्वास्थ्य ही नहीं, सामाजिक-आर्थिक संकट-कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियाँ भारत में तेजी से बढ़ रही हैं।यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि परिवारों की आर्थिक स्थिरता, कार्यबल की उत्पादकता और सामाजिक ताने-बाने पर गहरा प्रभाव डालती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कैंसर रोकथाम को प्राथमिक सार्वजनिक स्वास्थ्य निवेश माना है।रोकथाम केंद्रित दृष्टिकोणः इलाज से पहले सुरक्षावैश्विक अनुभव बताता है कि कैंसर के लगभग 30-40 प्रतिशत मामलों को जीवनशैली, पर्यावरणीय नियंत्रण और प्रारंभिक जांच से रोका जा सकता है। बजट 2026 में तंबाकू नियंत्रण, प्रदूषण कम करने, पोषण सुधार और नियमित स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के लिए समर्पित फंडिंग आवश्यक है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को कैंसर स्क्रीनिंग से जोड़ना एक प्रभावी कदम हो सकता है।सस्ती जांच और इलाजःसमानता का प्रश्न,कैंसर का इलाज अत्यंत महँगा है। बजट में सार्वजनिक- निजी भागीदारी के माध्यम से सस्ती जांच, रेडियोथेरेपी और दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने का रोडमैप आना चाहिए। जेनेरिक और बायोसिमिलर दवाओं को प्रोत्साहन देकर लागत घटाई जा सकती है।अनुसंधान और डेटा- आधारित नीतिअंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैंसर रजिस्ट्रियों और डेटा एनालिटिक्स ने नीति निर्माण को सशक्त बनाया है। भारत में भी राष्ट्रीय कैंसर डेटा नेटवर्क और स्वदेशी अनुसंधान को बजट समर्थन मिलना चाहिए, ताकि भारतीय संदर्भ में प्रभावी समाधान विकसित हों।

## उदय किशोर साह



### एक दिन गुंजेगी सत्य की जयकार

कविता

ठोकर खाकर जब जब सच्चाई है रोया
देख ये दृश्य झुठा मक्कार हँसी उड़ाया
क्यूं सत्य जगत में है बेहद परेशान
झुठा के सर पे सज गया गुमान अभिमान

सत्य जगत में पाता है धोखा व अपमान
झुठे का जग में है मान और सम्मान
सत्य अकेला शर्म से है आज मूक मौन
वहीं झूठे का है संसार में भय व खौफ

झुठे के दरवाजे पे लगी है अपार मेला
जबकि सत्य बैठा है अपनी घर पे अकेला
कैसी खेल रच दी प्रभु तुँ ये अजब विधान
कुछ भी ना सौचा आगे पीछे ओ भगवान

सत्य के नाम पर समाज में ना है कोई साथ
झुठे के मस्तक पे सज गई आडम्बर की ताज
सत्य के नाम पर जग है अन्दर से ये शरमाया
जब कि झुठे के साथ साथ जयकारा है लगाया

क्यूं सत्य के माथे पे जग वाले जड़ दिया कलंक
झुठा को बनाया तुमने जग में खौफनाक दवंग
पर याद रखना ओ संसार के जालिम गंवार
एक दिन गुंजेगी जग में सत्य की ही जय जयकार

# पीसीओडी में करना है वेट लॉस, तो डाइट में शामिल करें ये इवनिंग स्नैक्स

शाम के समय अगर आपको हल्की भूख लग रही है तो ऐसे में मुट्ठीभर भुना हुआ चना खा सकती हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन ना केवल क्रेविंग को कम करता है, बल्कि इससे ब्लड शुगर भी स्टेबल रहता है और ऐसे में फैट स्टोरेज कम होता है। साथ ही साथ, इससे आपको बहुत ज्यादा भूख भी नहीं लगती है। पीसीओडी में वेट लॉस करना काफी मुश्किल होता है और इसमें सबसे बड़ी बाधा होती है इवनिंग स्नैक्स। शाम के समय हमेशा कुछ उल्टा-सीधा खाने का मन करता है और ऐसे में पूरी डाइट खराब हो जाती है। कभी हम चाय के साथ बिस्किट खा लेते हैं तो कभी नमकीन और फिर हमें बाद में गिल्ट होता है। हो सकता है कि आप भी इसी चक्र में फंसी हुई हो, लेकिन आपको वास्तव में परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपने इवनिंग स्नैक्स को थोड़ा स्मार्टली चुनें तो ऐसे में आपको अपने टेस्ट के साथ भी कोई समझौता नहीं



करना पड़ेगा और आप अपनी हेल्थ का ख्याल भी रख पाएंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही इवनिंग स्नैक्स के बारे में बता रहे हैं, जो पीसीओडी में अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं-

**भुना हुआ चना**

शाम के समय अगर आपको हल्की भूख लग रही है तो ऐसे में मुट्ठीभर भुना हुआ चना खा सकती हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन ना केवल क्रेविंग को कम करता है, बल्कि इससे ब्लड शुगर भी स्टेबल रहता है और ऐसे में फैट स्टोरेज कम होता है। साथ ही साथ, इससे आपको बहुत ज्यादा भूख भी नहीं लगती है।

**पनीर वेज बाउल**

पनीर को हार्मोन बैलेंस के लिए कए अच्छा प्रोटीन माना जाता है। आप लगभग 50-70 ग्राम पनीर और खीरा व टमाटर से एक अच्छा बाउल तैयार करें। इससे पेट देर तक भरा रहता है। अगर आप इन दिनों वेट लॉस पर हैं तो ऐसे में आप लो फैट पनीर का इस्तेमाल करें।

**स्प्राउट्स चाट**

शाम के समय स्प्राउट्स की चाट खाना भी अच्छा विचार माना जाता है। इसके लिए आप स्प्राउट्स मूंग में नमक व नींबू डालकर मिक्स करें। इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन को बेहतर बनाता है। साथ ही साथ, अगर आपको पीसीओडी में कब्ज की शिकायत रहती है तो इसमें भी आपको फायदा मिलता है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे शाम में ही खाएं, रात में नहीं।

# नए साल की पार्टी में दिखें बिंदासः लेटेस्ट स्कर्ट लुक्स से बिखेरें जलवा

नए साल की पार्टी में अलग दिखने के लिए शॉर्ट स्कर्ट लुक्स ट्राई करें, जैसे क्लासिक ब्लैक-ब्राउन कॉम्बिनेशन या बोल्ड लेदर स्कर्ट। विंटर बूट्स और ब्लेजर के साथ स्कर्ट आपके लुक को स्टाइलिश और आकर्षक बनाएगी, जो पार्टी और कैफे दोनों के लिए परफेक्ट है। नए साल का जश्न मनाने के लिए अब ज्यादा दिन बचें नहीं है, दिसंबर अपने आखिरी पड़ाव पर है। नए साल 2026 की स्वागत के लिए हम सभी काफी प्लान कर रहे हैं। न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए यहां जाएंगे, खूब मस्ती करेंगे, लेकिन महिलाओं ने अपनी आउटफिट को लेकर क्या सोचा है ? यदि आप ने अभी तक अपने लुक को लेकर डिसाइड नहीं किया, तो जल्दी कर लें। नए साल की पार्टी में पहनने के लिए आप भी अच्छी ड्रेस जरुर सर्च कर रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए हैं। विंटर के मौसम में हर किसी के पास मिनी स्कर्ट जरुर होगी। यदि आप नई ड्रेस नहीं खरीदना चाहते हैं, तो इस आर्टिकल में हम आपको उन्हीं स्कर्ट के साथ एक अलग लुक स्टाइल करने का तरीका बताएंगे।

**क्लासी और सिंपल स्कर्ट लुक**

अगर आप सिंपल और क्लासी लुक पाना चाहते हैं, तो आप ब्लैक और ब्राउन का मैच कर सकते हैं। ब्लैक टर्टलनेक और उसके ऊपर ब्लैक ब्लेजर का कॉम्बिनेशन आपको ठंड से बचाएगा, बल्कि एक स्ट्रक्चर और शार्प लुक भी देगा। इसके साथ ही आप चेक्ड मिनी स्कर्ट के साथ घुटनों तक लंबे विंटर बूट्स पहन सकते हैं। इस लुक में आप स्टाइलिश और लंबे नजर आएंगे। इस तरह के आउटफिट्स फोटोज में काफी शानदार लगते हैं। पार्टी से लेकर कैफे व क्लब के लिए यह आउटफिट शानदार है।

**लेदर स्कर्ट लुक**

न्यू ईयर की पार्टी के लिए लेदर और ब्लैक का कॉम्बिनशेन एकदम जबरदस्त है। इस लुक को स्टाइल करने का सबसे बड़ा हाईलाइट इसकी ब्लैक लेदर मिनी स्कर्ट है। इसके साथ ही आप हाई-नेक टॉप आपकी बॉडी शेप को बहुत ही अच्छे से उभारता है, इसलिए ये आपके लिए बेस्ट चॉइस हो सकता है। यह बोल्ड और ग्लैमरस लुक आपको डांस पार्टी या क्लबिंग के लिए एकदम परफेक्ट है।

**लुज स्वेटर और स्कर्ट लुक**

न्यू ईयर पार्टी में तहलका मचाने के लिए आप लाल रंग का ओवरसाइज्ड स्वेटर है। ऊपर वाले लुक्स में आप फिटिंग के टॉप पहन रही थी, जिसमें आपका फिगर पतला नहीं है, तो आपके ऊपर कम चजेगा। हालांकि, यह लूज स्वेटर स्टाइल आपको काफी पसंद आएगा। लुक को कंप्लीट करने के लिए आप सिंपल ब्लैक स्टॉकिंग्स की जगह डॉट्स वाली नेट पहन सकते हैं। वैसे भी रेड और ब्लैक का कॉम्बिनेशन गजब का होता है। ओवरसाइज्ड स्वेटर आपको आरामदायक लुक देगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** सीबीएसई से संबद्ध प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था स्ट. एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों तथा विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामपुर की जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) श्रीमती अंजलि अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य ललित शर्मा तथा प्रबंधक डॉ. जुनिता जकी द्वारा पारंपरिक रीति से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से ज्ञान, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देते हुए समारोह की औपचारिक शुरूआत की गई। इसके बाद मंच पर प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिकता और शांति से भर दिया। वंदना के बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में विविध गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। बच्चों की मासूमियत और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। समारोह में विद्यालय की खेल इकाई द्वारा पी.टी. प्रदर्शन भी कराया गया, जिसमें छात्रों ने संतुलन, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का अद्भुत परिचय दिया। इस प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों ने बताया कि किस प्रकार नियमित व्यायाम और अभ्यास से मानसिक व शारीरिक संतुलन बनाए रखा जा सकता है। कार्यक्रम में सीनियर वर्ग की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें भारतीय परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। वहीं, कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रस्तुत किए गए जोशीले भांगड़ा ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। यह प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण बन गई, जिसने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से पिछले वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी मेहनत और उपलब्धियों को सराहा गया। साथ ही, समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों तथा कार्यक्रम को कवर करने आए मीडिया प्रतिनिधियों को भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रबंधक डॉ. जुनिता जकी और प्राचार्य ललित शर्मा और डॉ अली सिद्दीकी जी ने मंच से संबोधित करते हुए सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि ये व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रतिभा निखारने में सहयोग करती हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।

## मो. फैज अंसारी एडवोकेट बने विधानसभा अध्यक्ष



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष ने नगर पंचायत साहनपुर निवासी मोहम्मद फैज अंसारी एडवोकेट को संगठन का विधानसभा अध्यक्ष नजीबाबाद मनोनीत किया है। उन्होंने नव मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद फैज अंसारी एडवोकेट से आशा व्यक्त की है कि वह अंसारी बिरादरी को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने और उनके हितों के लिए कार्य करेंगे। मो. फैज अंसारी एडवोकेट ने भी प्रदेश नेतृत्व व जिला नेतृत्व को पूर्ण विश्वास दिलाया कि वह पूरी निष्ठा व लगन के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में उनके शुभचिंतकों व मित्रों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

# जिलाधिकारी की जनसुनवाई में असहायों को मिला रहा है त्वरित लाभ

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** ग्राम मुडियाखेड़ा, विकास खण्ड चमरौआ, तहसील सदर निवासी गरीब एवं भूमिहीन दिव्यांग दम्पत्ति पिताम्बर एवं उनकी पत्नी श्रीमती जानकी द्वारा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया।

दम्पत्ति द्वारा अवगत कराया गया कि उनका आवास कच्चा है, जिससे वर्षा ऋतु में उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, चमरौआ को निर्देशित किया गया कि पात्रता सुनिश्चित करते हुए दम्पत्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का लाभ प्रदान कराया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन परिसर में दिव्यांग दम्पत्ति को ट्राईसाइकिल भी प्रदान की गई, जिससे उन्हें आवागमन एवं दैनिक कार्यों में सुविधा प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। शीत ऋतु के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई एवं प्रशासनिक स्तर पर असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरण कर राहत प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

# उप निरीक्षक लोकेश सिंह राणा को देवबंद थाना क्षेत्र की तल्हेडी बुजुर्ग पुलिस चौकी की सौपी गई कमान

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर/देवबंद।** पूर्व में उप निरीक्षक लोकेश सिंह राणा जनपद सहारनपुर में कोई थाने व पुलिस चौकिया में अपनी सेवा दे चुके हैं। उप निरीक्षक लोकेश सिंह राणा ने चार्ज सँभालते ही कहा शांति व्यवस्था कायम कर पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है लोकेश सिंह राणा बहुत ही कुशल व्यवहार के व्यक्ति हैं।

कुशल नेतृत्व, व्यवहार कुशलता व न्यायप्रिय कार्यशैली को देखते हुए सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने उनको देवबंद क्षेत्र की तल्हेडी बुजुर्ग पुलिस चौकी प्रभारी बनाया। उप निरीक्षक लोकेश सिंह राणा ने कार्यभार संभालने पर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने को प्राथमिकता देते हुए कहा उनकी प्राथमिकता शासन प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए कानून व शांति व्यवस्था कायम रखना तथा छोटे-छोटे अपराधों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी तथा महिलाओं और बच्चों के साथ अपराध करने वाले अपराधियों के विरोध कठोर कार्रवाई की जाएगी। लोकेश सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका उद्देश्य पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा तथा अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी समय रहते पीड़ित को न्याय मिलेगा तो जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना ना घटे इसको लेकर मेरा पूरा प्रयास रहेगा और मेरा पुलिस स्टाप 24 घंटे जनता की सेवा में रहेगा उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में किसी भी तरह के काले धंधे करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ओर चौकी पर आने वाले सभी धर्मों के लोगों के पीड़ित, मजबूर लोगों की समस्या का हर सम्भव समाधान करने की कोशिश करूंगा।

कोई भी पीड़ित व्यक्ति मायूस नहीं लौटेगा सभी लोगों का हमेशा मैं सम्मान और इज्जत करता रहूंगा। मगर क्षेत्र में शांति भंग करने वाले व अपराधिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था कायम करना मेरे लिए सर्वोपरि रहेगा।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज आईपीआर पर संगोष्ठी: विद्यालय से उच्च शिक्षा तक नवाचार की सशक्त कड़ी

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**




**सहारनपुर नागल।** बौद्धिक संपदा अधिकार (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्सझआईपीआर) विषय पर विद्यालय शिक्षा और उच्च शिक्षा के बीच अकादमिक समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय ह्लबौद्धिक संपदा अधिकारः विद्यालय शिक्षा से उच्च शिक्षा तकह्व रहा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान की निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने संगोष्ठी की थीम प्रस्तुत करते हुए कहा कि रचनात्मकता और नवाचार की नींव विद्यालय स्तर पर रखी जाती है, जिसे उच्च शिक्षा में शोध, पेटेंट और उद्यमिता के रूप में विकसित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आईपीआर शैक्षणिक ईमानदारी और मौलिक चिंतन को सुदृढ़ करता है ।मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर डॉ. अरविंद के. पाठक ने कहा कि विचारों का संरक्षण ही ज्ञान-आधारित समाज की वास्तविक शक्ति है। पद्मश्री सम्मानित डॉ. सेठपाल सिंह ने शिक्षकों से विद्यार्थियों में मौलिक सोच विकसित करने का आह्वान किया। शिक्षाविद् प्रो. अनुराग कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में नवाचार और पेटेंट की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी मौलिक विचार को पहचान, दस्तावेजीकरण और संरक्षण मिलना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नवाचार तभी सार्थक होता है जब उसे पेटेंट के माध्यम से सुरक्षित किया जाए, जिससे शोधकर्ता और विद्यार्थी अपने विचारों को व्यावसायिक और सामाजिक उपयोग में ला सकें ।तकनीकी विशेषज्ञ इंजीनियर प्रशांत के. त्यागी ने कहा कि आईपीआर नवाचार आधारित राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है ।संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुति डॉ. पंकज द्वारा की गई, जिसमें कार्यक्रम के उद्देश्य और निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवाचार, शोध एवं अनुभवात्मक शिक्षा में आईपीआर की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संगोष्ठी में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन आशीष शर्मा द्वारा दिया गया।

# संत प्रवर श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव 29 दिसम्बर से

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के तत्वावधान में ब्रज संस्कृति के उन्नायक, परम वीतराग व निःस्पृह संत श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव 29, 30 व 31 दिसम्बर 2025 को अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए महोत्सव के समन्वयक श्यूपी रत्नश्व डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महंत बाबा संतदास महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ 29 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे संत शिरोमणि श्रीपाद बाबा महाराज के चित्रपट के पूजन-अर्चन के साथ होगा ।तत्पश्चात 10 बजे से भक्त-भगवंत अर्चा एवं सायं 5 बजे से रासलीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन होगा। 30 दिसम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे समाज गायन होगा ।अपराह्न 3 बजे संत-विद्वत संगोष्ठी होगी ।जिसमें प्रख्यात संत, विद्वान एवं धर्माचार्य भाग लेंगे ।इसके अलावा सायं 5 बजे रासलीला आदि के कार्यक्रम होंगे ।31 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे संत-विद्वत संगोष्ठी का कार्यक्रम होगा ।तत्पश्चात मध्याह्न 1 बजे संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन सम्पन्न होंगे ।सायं 5 बजे रासलीला की मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत भगवदाश्रित महिलाओं को ऊनी वस्त्र भी वितरित किए जायेंगे ।साथ ही बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। पूज्य बाबा महाराज की शिष्या व ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने सभी भक्त-श्रद्धालुओं से इस आयोजन में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में चालक का शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच जारी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनॉर स्योहारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्योहाराझसहसपुर रोड पर चिराग पैलेस के सामने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में चालक का शव मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि मुरादाबाद रोड पर खड़े ट्रक के अंदर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है।

सूचना मिलते ही स्योहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मृतक की पहचान जागेश कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह, निवासी ग्राम धीगरपुर, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर, उम्र लगभग 37 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि जागेश पिछले 10झ12 वर्षों से ट्रक चालक के रूप में कार्य कर रहा था और वर्तमान में एसएफसी कंपनी, हरिद्वार में चालक के पद पर तैनात था ।पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक ने रात्रि के समय ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया था और खाना खाते समय पीछे की ओर गिर गया, जिससे उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मौके से भोजन आदि भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नजीबाबाद पुलिस ने हरिद्वार काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई हत्या का किया खुलासा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद उधार के पैसे वापस मांगने के चलते और पत्नी पर अश्लील टिप्पणी के विवाद में दोस्त ने ही की दोस्त की हत्या। 21.12.2025 को हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राज मार्ग के निमाणार्धीन जलालाबाद बाईपास ग्राम सुनारोवाली की सीमा में हाईवे के किनारे सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व० मगन सिंह निवासी देहरादून की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गयी थी इस संबंध में नजीबाबाद पुलिस ने संदीप पुत्र स्व० इन्द्ररेज निवासी 56 नाला पानी रोड थाना डालनवाला जनपद देहरादून उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह देहरादून सचिवालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। सुरेन्द्र पुत्र मगन सिंह, उसका पुराना मित्र था, जिससे उसने 70-80 हजार रुपये उधार ले रखे थे। पैसे वापस मांगने के दबाव तथा उसकी पत्नी के संबंध में की गई अश्लील टिप्पणियों से वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान था। सुरेन्द्र आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था तथा हत्या के एक मामले में जमानत पर था, जिस कारण वह उसका विरोध नहीं कर पाता था दिनांक 21.12.2025 को नजीबाबाद जाने के बहाने उसने, सुरेन्द्र की हत्या की योजना बनाई। योजनानुसार वह देहरादून से हरिद्वार होते हुए मण्डावली पहुँचा, जहाँ वह सुरेन्द्र से मिला तब वह दोनों मोटरसाइकिल से निमार्णाधीन हाईवे पर सुनसान स्थान पर रुके और दोनो ने शराब पी। नशे की हालत का लाभ उठाकर उसने ईट से सुरेन्द्र के सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद वह अपनी खून के छीटे लगी जैकेट को साफ करने की कोशिश कर रहा था कि तभी दो पुलिस वालो ने टार्च की रोशनी लगाकर टोका तो वह घबराकर अपनी जैकेट वहीं छोड़कर भाग गया। जब वह अपनी छूटी हुई जैकेट तलाशने हेतु अंधेरे में घटनास्थल के आसपास आया, तभी उसको गिरफ्तार कर लिया गया।

# मिल प्रशासन से किसानों का हुआ समझौता



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कमलापुर खाईखेड़ी स्थित गन्ना सेंटर पर बुधवार से तोल बंद होने से किसानों का सब्र जवाब दे गया। तोल इंचार्ज धीर सिंह द्वारा अचानक तोल रोके जाने के विरोध में बृहस्पतिवार सुबह से ही किसानों ने गन्ना सेंटर पर मोर्चा खोल दिया। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनखड़, मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी व दयाराम सिंह मौके पर पहुंचे, जिनकी उपस्थिति में किसानों और मिल प्रशासन के बीच वार्ता शुरू हुई। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के व्यापार जिला अध्यक्ष रामोद कुमार की अध्यक्षता में तथा तहसील अध्यक्ष नीरज चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू के संरक्षण में किसानों ने जोरदार धरना दिया। किसानों ने बूंदकी मिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मिल प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। बाद में नरेंद्र कुमार व सुशील कुमार (केन एससीएम) के मौके पर पहुंचने के बाद किसानों से वार्ता हुई, जिसमें मिल प्रशासन और किसानों के बीच समझौता हो गया। वार्ता के बाद धरना समाप्त करा दिया गया। मिल प्रशासन ने आश्वासन दिया कि शनिवार से गन्ने की तोल पुनः शुरू कर दी जाएगी, साथ ही मारपीट के मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। धरने में विशाल चौधरी, मुकुल चौधरी, देवेंद्र प्रधान, राजकुमार, सुभाष, महेंद्र, पम्मी, अनमोल चौधरी, दयाराम सिंह, महिपाल सिंह. समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अब देखना यह होगा कि मिल प्रशासन अपने वादों पर कितना अमल करता है।

# यूनिवर्सल एकेडमी में अंतर सदनीय मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में अंतर सदनीय मैथ्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जूनियर विंग और सीनियर विंग दोनों में रखी गयी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया। प्रतियोगिता के प्रारंभ पर गणित विभागाध्यक्ष अभिलाष एवं गणित अध्यापक सूरज चौहान ने प्रतियोगिता के महत्व और रामानुजन के जीवन शिक्षा, पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा उनकी गणित की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में चारों सदनों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें जल सदन प्रतिभागी काव्या, अंश, काव्या लम्बा शांतनु, दिया वायु सदन प्रतिभागी काव्यासिंह, मयंक, अंशिका, लक्ष्य, रितिका अग्नि सदन प्रतिभागी दिव्यांश, आरव, सक्षम, ताशू , पृथ्वी सदन से पृथ्वी, माधव, आलिया, उज्वल प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता पांच चरणों में आयोजित की गई। सभी सदनों के प्रतिभागियों ने सभी प्रश्नों के उत्तर सूझबूझ व आत्मविश्वास से दिए तथा शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सीनियर विंग में सदन प्रथम स्थान पर वायु सदन द्वितीय स्थान पर अग्नि सदन व पृथ्वी तथा जल सदन तृतीय स्थान पर रहे। सभी सदनों के प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आए। उधर दूसरी ओर जूनियर विंग में भी गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जल सदन प्रतिभागी जिसमें जल सदन प्रतिभागी श्रेया, अन्वी, अलब , बिहू, दीक्षांत, वायु सदन प्रतिभागी धैर्य , पल्लवी, जय नक्श, शौर्य, अग्नि सदन प्रतिभागी विराट, हार्दिक, हर्ष्मान, शौर्य भव्य पृथ्वी सदन धैर्य, शिफा, दक्ष आरव, पंथ प्रतिभागी रहे। जूनियर विंग में प्रथम स्थान पर वायु सदन, जल सदन द्वितीय स्थान पर , अग्नि ब पृथ्वी सदन तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को सर्वप्रथम बधाई दी और बच्चों को विद्यालय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने व रामानुजन जैसी महान प्रतिभाओं के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भी बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए गणित विषय में रुचि पैदा करने के लिए प्रेरित किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी गणित अध्यापक अध्यापिकाओं का योगदान रहा।



# प्यार की ऊंची परवान: प्रेमी मुकरा तो टावर पर चढ़ी प्रमिका, 5 घंटे चला हंगामा

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** दौराला क्षेत्र में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक सिरफिरी प्रेमिका अपने प्रेमी की बेरुखी से नाराज होकर हाई-वोल्टेज बिजली के टावर पर चढ़ गई। करीब 5 घंटे तक चले इस 'फिल्मी ड्रामे' का अंत तब हुआ, जब पुलिस ने प्रेमी को बुलाकर माइक पर सबके सामने शादी का वादा करवाया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के मवी मीरा गांव की रहने वाली एक युवती का प्रेम प्रसंग कस्बा लावड़ निवासी एक युवक के साथ चल रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों की दोस्ती करीब पांच महीने पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी। धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। हालांकि, कुछ समय बाद युवक ने युवती को पसंद न होने की बात कहकर शादी से इनकार कर दिया। शादी से इनकार के बाद युवती इस कदर आहत हुई कि वह सुबह करीब 7 बजे गांव के बाहर स्थित पावर ग्रिड के टावर पर चढ़ गई।

वह चिल्ला-चिल्लाकर आत्महत्या की धमकी देने लगी। युवती को ऊपर देख ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची दौराला पुलिस ने उसे उतारने की काफी कोशिश की, लेकिन वह प्रेमी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ी रही। पुलिस के माइक से प्रेमी ने कहा बिगड़ते हालात देख पुलिस ने प्रेमी को मौके पर बुलाया।प्रेमी ने पुलिस के लाउडस्पीकर का सहारा लिया और सबके सामने चिल्लाकर कहा बाबू, तुम नीचे आ जाओ मैं तुमसे शादी करने के लिए तैयार हूं।यह सुनते ही युवती शांत हुई और धीरे-धीरे नीचे उतर आई।बताया गया कि युवती इस रिश्ते को लेकर पहले भी काफी गंभीर थी। उसने पूर्व में अपने हाथ की नस काटकर प्रेमी को फोटो भेजी थी। फिलहाल, पुलिस और दोनों पक्षों के बुजुर्गों के बीच बातचीत के बाद शादी को लेकर समझौता हो गया है।

## क्या एक पिता को बेटी की मौत के मामले में मिलेगा इंसाफ

**डिबाई।** डिबाई के झोलाछाप डॉक्टर द्वारा आपरेशन के दौरान एक महिला की जान चली गई थी जिसमें लगभग पन्द्रह दिन बीतने के बाद भी स्वास्थ विभाग द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही न होने से झोलाछाप डॉक्टर के हौसले बुलंद सूत्रों की मानें तो आरोपी झोलाछाप डॉक्टर की स्वास्थ विभाग पर मजबूत पकड बताई जा रही है जिससे ऐसा प्रतित हो रहा है क्या एक बार फिर नोंटों की चकाचौंध में खो जाएगी महिला की मौत की मिस्ट्री क्योंकि पहले भी आपरेशन के दौरान हुई महिला की मौत के मामले में जेबर पुलिस द्वारा जेल भेजा चुका है आरोपी डॉक्टर जब इस मामले में शिकायत हुई तो स्वास्थ विभाग द्वारा भीमपुर दोराहे पर मौजूद राज नर्सिंग होम को सील तो कर दिया गया था लेकिन विभागीय कार्यवाही को ठंडे वस्ते में डाल दिया गया जिससे आरोपी डाक्टर पीड़ित पक्ष से मान-मनोव्वल कर फैसला कर ले।

## वीर बाल दिवस पर

# बहादुर साहिबजादों के बलिदान को किया याद



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिद्धार्थनगर जिले के कलेक्ट्रेट सभागार और विभिन्न गुरुद्वारों में किया गया।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वीर बच्चों से संवाद किया और उन्हें पुरस्कार वितरित किए, जिसे उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं ने देखा।जनपद स्तरीय कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव सहित अन्य अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने वीरता, कला, संस्कृति, विज्ञान, नवाचार और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न राज्यों के 20 छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।उन्होंने पुरस्कार प्राप्त बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि आज पूरा देश वीर बाल दिवस मना रहा है और हम सभी वीर साहिबजादों के अदम्य साहस और बलिदान को याद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बच्चों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उनके योगदान के महत्व पर जोर दिया। सांसद जगदम्बिका पाल ने वीर साहिबजादों की कहानी साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने धर्म परिवर्तन का दबाव ठुकरा दिया और मुगल शासक द्वारा उन्हें दीवार में चुनवा दिया गया।

## सार संक्षेप

### 70 बच्चों में स्वेटर गर्म कपड़ों का हुआ वितरण



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर वार्ड नंबर 13 दीनदयाल नगर के सभासद शाहिद सिद्दीकी ने आज शुक्रवार को अपने ही वार्ड में छोटे गरीब बच्चों में गरम स्वेटर बच्चों में वितरण किया। गरीब बच्चों में ठंडी का माहौल देखते हुए। गरीब परिवार को बुलाकर कहा कि अपने बच्चों ले आओ उनको गर्म कपड़ा पहने के लिए देंगे उसी वार्ड के 70 बच्चों में गर्म कपड़ा वितरण किया। दया दिखाते हुए एक सराहनीय कार्य किए।थे इसी दौरान वार्डो में चर्चा का विषय बना।इस मौके पर सभासद शाहिद सिद्दीकी, अत्ताउल्लाह राईनी सरफराज सिद्दीकी, स्वाले सिद्दीकी, साजिद राईनी, शहजाद राईनी आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक व एसडीएम ने गांव के असहायों के बीच बांटे ऊनी कंबल



**सिद्धार्थनगर।** कड़ाके की ठंड में सर्दी से बचने के लिए सदर एसडीएम की अध्यक्षता में लेखपालों के नेतृत्व में गांव के गरीबों के बीच ऊनी कंबल का वितरण किया गया।कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही विधायक व सदर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य ने नौगढ़ तहसील अन्तर्गत विकासखंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत धौरी कुइया में ठंड में ठिठुर रहें गरीब असहाय व दिव्यांगों के बीच में कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कंबल पाने वाले गरीब असहाय लोगों ने नौगढ़ तहसील प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार व केंद्र सरकार हर वर्ग की हितैषी हैं। सरकार ठंड से बचाने के लिए गरीब व असहाय लोगों मे कंबल बाटने का काम कर रही है। उस दौरान लगभग ढाई सौ गरीब असहाय व दिव्यांगों के बीच में ऊनी कंबल बांटे गये।सदर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य ने कहा कि पीड़ित मानव की सेवा करना और उनके दुःख दर्द को बांटना सबसे बड़ा पुण्य है. इन दिनों भीषण ठंढ की लहर में खासकर गरीबों को गर्म कपड़ों के अभाव में ठिठुरते देखा जा रहा था। पीड़ित मानव की सेवा ही मानवता की असली पहचान होती है। संपन्न लोगों के पास ठंढ से बचने के बहुत साधन होते हैं। लेकिन गरीब लोगों को ठंढ की रात गुजारनी मुश्किल होती है। ऐसे में जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में इन लोगों को कंबल उपलब्ध कराकर हमलोगों ने राहत दिलाने का एक छोटा सा प्रयास किया है और इन लोगों के लिये अनुमंडल प्रशासन के स्तर से और जितना संभव होगा सहायता दिलाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी लेखपाल माधुरी शुक्ला, कृष्णानंद चौधरी, राम सिंह, प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विशंभर यादव आदि शामिल रहे।

### सीरत क्विज कम्पटीशन में एन के पब्लिक स्कूल तिलजा का रहा दबदबा कायम

**संतकबीरनगर।** एनके पब्लिक स्कूल तिलजा की कक्षा 8वीं की छात्रा हफसा शमशाद ने ऑल संत कबीर नगर सीरत क्विज प्रतियोगिताझ2025 में अपने उत्कृष्ट ज्ञान, परिश्रम और लगन के बल पर पूरे ज़िले में रैंकझ1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 132 अंक (88%) अर्जित किए। इसी प्रतियोगिता में विद्यालय की अन्य मेधावी छात्राओं ने भी टॉप -10 में जगह बनाकर शानदार सफलता हासिल की है जिसमें कक्षा 9वीं की नादिया समद कक्षा 6वीं से 8वीं (संयुक्त वर्ग) में अक़्सा खातून, साइमा खातून, इल्मा बेलाल, बुशरा खातून शामिल हैं। विद्यालय के एमडी एहतेशामुल हक खान और प्रधानाचार्य एजाज अहमद ने बताया कि इन सभी छात्राओं की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास तथा विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। यह सफलता विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# कोहरे का फायदा उठाकर खाद तस्कर साइकिल व खाद छोड़ फरार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा के नाका दल ने छह बोरी यूरिया और दो साइकिल को शुक्रवार को जब्त की। तस्कर भागने में सफल रहे।

सूचना के अनुसार, सीमा स्तंभ संख्या 544/1 के समीप से उर्वरक की तस्करी होने वाली है। सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी ककरहवा से नाका दल सीमा स्तंभ संख्या 544/1 के लिए रवाना हुए और कुछ समय पश्चात देखा कि कुछ व्यक्ति साइकिल पर सामान लिए भारत से नेपाल की तरफ जा रहे है।

संदेह के आधार पर नाका दल ने जैसे ही उन व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा तो वह साइकिल सहित सामान गिराकर कोहरे का फायदा उठाकर नेपाल सीमा में भाग गए। नाका दल द्वारा सामान की जांच की गई तो छह बोरी यूरिया और दो साइकिल बरामद की गई। बरामद यूरिया और साइकिल को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# मेडिकल कॉलेज सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जिले में यातायात व्यवस्था सुधारने और आमजन को अतिक्रमण से राहत दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्यालय के साड़ी तिराहा, हैडिल तिराहा और मेडिकल कॉलेज रोड क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए संयुक्त टीम ने अभियान चलाया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य ने किया। उनके साथ क्षेत्राधिकार सदर विश्वजीत सौरयान, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अजय सिंह, कोतवाली क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद और नवागत तहसीलदार भी मौके पर मौजूद रहे।प्रशासन का यह अभियान शुक्रवार दोपहर करीब 1:00 बजे शुरू हुआ और काफी देर तक चला। इस दौरान जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली का लगातार उपयोग किया गया। सड़क और फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानों के शेड, टीन, मेज-कुर्सी सहित अन्य सामान हटाए गए।

जिन लोगों ने पहले से दिए गए नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया था, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले सभी को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया था, लेकिन कई लोगों ने निर्देशों की अनदेखी की।

अभियान के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए कोतवाली पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य ने कहा कि शहर के प्रमुख तिराहों और सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

जिससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाकर सड़कों और फुटपाथों को खाली कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# महामना परिवार राष्ट्रीय समागम कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्म जयंती के अवसर पर महामना परिवार वर्ल्ड वाईड व महामना सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में महामना के मानस पुत्रों-पुत्रियों का प्रथम राष्ट्रीय समागम कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर पंडित ओंकार नाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त देश के विभिन्न हिस्सों से पुरातन छात्र-छात्राओं ने सहभागिता किया।

सर्वप्रथम भारतरत्न महामना पं मदन मोहन मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण व काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलगीत के पश्चात श्री संजय सिंह डीआईजी, प्रो. एन के अग्रवाल आईएमएस, प्रो. अमित नन्द धर द्विवेदी, प्रो संध्या ओझा (रिटायर्ड), श्री प्रहलाद कुमार एडीजे, श्री मार्कंडेय राम पाठक, डॉ मनोज कुमार तिवारी मनोचिकित्सक, अंकिता राज सिंह एसीजेएम, अजितेश सिंह सेक्रेटरी पार्लिमनेट, विवेक मिश्रा, के की मिश्रा एआरटीओ, दीपक श्रीवास्तव अन्य उपस्थि गणमान्य विशिष्टगण ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ शेषनाथ सिंह चौहान ने संस्था के क्रियाकलापों के साथ-साथ प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया

उन्होंने बताया कि महामना परिवार से जुड़े लोगों के रक्तदान, चिकित्सीय मदद दुख व परेशानी तथा आकस्मिक निधन पर आर्थिक मदद, कोरोना काल में लोगों को जीवन रक्षक दवाईयाँ व एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गयी।

# जलभराव और गंदगी से कॉलोनी वासी परेशान, सभासद प्रतिनिधि ने एसडीएम से की नाली निर्माण की मांग

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 1, अंबेडकर नगर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से मुहल्ला वासियों का जीवन दुश्वार हो गया है। स्थानीय निवासी और सभासद प्रतिनिधि बुद्ध विलास ने बुधवार को इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) इटवा को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने गांव में रुकी हुई विकास परियोजनाओं, विशेषकर नाली निर्माण और तालाब सुंदरीकरण को तत्काल शुरू कराने की पुरजोर मांग की है।

सभासद प्रतिनिधि बुद्ध विलास ने प्रशासन को बताया कि उनके आवास से दक्षिण दिशा की ओर लगभग 300 मीटर नाली का निर्माण होना बेहद जरूरी है, क्योंकि इसी मार्ग से आधे गांव के पानी की निकासी जुड़ी हुई है। हालांकि इस भूमि का सीमांकन लेखपाल द्वारा पहले ही किया जा चुका है और नगर पंचायत के अधिकारियों को भी स्थिति की पूरी जानकारी है, लेकिन आरोप है कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विभागीय अधिकारी इस कार्य में हीला-हवाली और टालमटोल कर रहे हैं। जल निकासी बाधित होने के कारण गांव में गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

नाली निर्माण के साथ ही ग्राम सभा में स्थित गाटा संख्या 126 के तालाब का मुद्दा भी गरमाया हुआ है। बुद्ध विलास के अनुसार, इस तालाब के सुंदरीकरण का प्रस्ताव काफी समय पहले ही पारित हो चुका है, किंतु अज्ञात कारणों से अभी तक धरातल पर कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। उन्होंने एसडीएम से अपील की है कि वे अधिशासी अधिकारी (एड) को इस संबंध में सख्त निर्देश जारी करें।

# नपं शोहरतगढ़ कस्बे के राजस्थान अतिथि भवन में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ से सटे मारवाड़ी धर्मशाला में जनस्वास्थ्य को समर्पित एक पहल के तहत शुक्रवार को तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान अतिथि भवन (मारवाड़ी धर्मशाला) में आयोजित इस शिविर में कुल 648 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ उठाया। इसका आयोजन छंद काले बाबू नारायणी नेत्र अस्पताल, बहादुरगंज, नेपाल द्वारा किया गया था।

शिविर का आयोजन चेयरमैन शोहरतगढ़.उमा अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। इसका शुभारम्भ डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल और नेपाल के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह, छंद काले बाबू नारायणी नेत्र अस्पताल से आये चिकित्सक, एसडीएम विवेकानन्द मिश्रा और सीएचसी शोहरतगढ़ की टीम को चेयरमैन उमा अग्रवाल और चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

- 650 लोगों ने कराया पंजीकरण करवाकर आंखों की जांच करवाया, जिसमें 83 लोगों की आपरेशन करने का निर्णय लिया और 125 लोगों में चश्मे का वितरण किया

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच 'रोटी-बेटी' के अटूट सम्बन्ध पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम दोनों देशों के आपसी सहयोग को और मजबूत करते हैं। वहीं नेपाल के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने चेयरमैन उमा अग्रवाल और चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के हर वर्ग के लिए अत्यन्त लाभकारी हैं। चेयरमैन उमा अग्रवाल ने बताया कि नगरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है, ताकि जरूरतमन्द लोगों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र उपचार व परामर्श सुलभ हो सके। आपको बता दें कि

छंद काले बाबू नारायणी नेत्र अस्पताल, बहादुरगंज, नेपाल की चिकित्सकीय टीम ने लगभग 650 लोगों ने पंजीकरण करवाकर अपनी आंखों की जांच करवाया। वहीं जांच टीम ने शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 83 लोगों का आपरेशन करने का निर्णय लिया। वहीं निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जांचकर 125 लोगों में चश्मा वितरित किया।

कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर ऑपरेटर कमलेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल, पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह, चेयरमैन उमा अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, एसडीएम विवेकानन्द मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष शोहरतगढ़.शिवशक्ति शर्मा, कृष्ण कुमार अग्रवाल, संजय दूबे, लिपिक राजेश त्रिपाठी, अंकित गुप्ता, अक्षय कसौधन, गौरव शर्मा, रवि श्रीवास्तव, सनी, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ0 सुलक्ष्मी कटुवाल, डॉ0 शमशेर थापा, डॉ0 सुशील कार्की, डॉ0 जसरज विश्वकर्मा, नेत्र सहायक रजनीश श्रीवास्तव, दीक्षा सुनुवार, आउटरीच कोर्डिनेटर हरी बहादुर भण्डारी, प्रिया चौधरी और राम नारायण कश्यप सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# दिल्ली के नरेला थाने की टीम की बेहतरीन कार्य, इलाके में एनकाउंटर, पुलिस-बदमाशों के बीच चली गोली

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली** । राजधानी दिल्ली के नरेला इलाके में 24 दिसंबर की देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। ये वही बदमाश हैं जिन्होंने बुधवार को एक दुकानदार पर लूट के बाद गोली चलाई थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान 34 वर्षीय अफजल उर्फ इमरान और 31 वर्षीय चंदन उर्फ काकू के रूप में हुई है। दोनों नरेला थाने के घोषित अपराधी हैं और उनके खिलाफ दस से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं ।ये था पूरा मामला

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट में फरार ये दोनों अपराधी मोटरसाइकिल पर अवैध हथियारों के साथ इलाके में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर नरेला थाना के एसएचओ राजेंद्र सिंह गुर्जर ने तुंरत टीम तैयार कर दिए पुलिस टीम ने एनआईटी के पास चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने एमआईटी रोड से आ रही एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया, तो आरोपियों ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दी ।दोनों पर हैं गंभीर आरोप पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, चंदन उर्फ काकू हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में संलिप्त है, जबकि अफजल उर्फ इमरान के खिलाफ सरकारी कर्मचारी पर हमला, पोक्सो एक्ट, लूट और चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

घायल बदमाशों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बीएसए अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, सरकारी काम में बाधा डालने और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट दो घायल, चार का चालान

**कांधला**। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। चिकित्सकों ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में इकराम पक्ष और इलियास पक्ष में किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। गुरुवार की शाम को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से तस्लीम व दूसरे पक्ष से इकराम घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने 50वीं बार खून से पत्र लिखकर उठाई पृथक बुंदेलखंड राज्य की माँग



**वेलकम इंडिया**

**झांसी**। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जंतरझमंतर पर आयोजित राष्ट्रीय राज्य पुनर्गठन महाधरना में बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने पृथक बुंदेलखंड राज्य की माँग को एक बार फिर प्रमुखता से उठाया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पर्यावरण पहरूवा प्रवीण पांडेय बुंदेलखंडीह्न ने इस अवसर पर रिकॉर्ड 50वीं बार अपने खून से पत्र लिखकर केंद्र सरकार से बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा देने की अपील की।

महाधरना में देश के विभिन्न पिछड़े और उपेक्षित क्षेत्रों—पूर्वांचल, बुंदेलखंड, विदर्भ, मराठवाड़ा, सीमांचलझकोसी, मिथिला और महाकौशल—से आए प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान राज्य संरचना के साथ ह्यविकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है।

प्रवीण पांडेय ह्यबुंदेलखंडी ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य की माँग भावनात्मक नहीं, बल्कि संतुलित राष्ट्रीय विकास से जुड़ा एक संवैधानिक विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 1956 के राज्य पुनर्गठन में बुंदेलखंड के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए ।बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के संगठन महामंत्री यज्ञेश गुप्ता ने कहा कि जब तक क्षेत्रीय असंतुलन समाप्त नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से राज्य पुनर्गठन को लेकर समयबद्ध और स्पष्ट नीति घोषित करने की माँग की।

## सार संक्षेप

### स्व. बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता दूसरे दिन हुए दो मैच

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद**। स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खोचवा गांव (रूपापुर) के सूर्या पार्क मैदान पर दूसरे दिन के पहले मैच शुक्रवार को हाइटेक क्रिकेट एकडमी वाराणसी और कौशांबी क्रिकेट अकादमी के बिच 15-15 ओवरो का खेला गया। जिसमे हाइटेक क्रिकेट अकादमी ने टॉस हारने के बाद बैटिंग किया जिसमें हाइटेक क्रिकेट अकादमी ने 15 ओवरों में 136 रन बनाया जिसमें राहुल ने 34 रन और नीरज ने 34 रन बनाये कौशम्बी क्रिकेट अकादमी ने 7 विकेट खोकर 137 रन बनाकर मैच 3 विकेट से मैच जीत लिया कोशाम्बी के तरफ से विश्वास ने 36 रन और जयगिरी ने 36 रन बनाये। दूसरे मैच जे सी फ जौनपुर और विवेक क्रिकेट एकेडमी वाराणसी के बिच 15-15 ओवरो का खेला गया जिसमे विवेक क्रिकेट एकेडमी ने 15 ओवर मे 7 विकेट पर 168 रन बनाया जिसमे अमरजीत 81 रन और अभय ने 61 रन बनाये जौनपुर कें तरफ से विकास यादव अनूप और सौरभ ने 2-2 विकेट लिए जबाब मे जौनपुर ने 150 रन बनाकर आलआउट हो गया जिसमे अंकुर ने 30 रन और शिवम पाठक ने 22 रन बनाया विवेक क्रिकेट एकेडमी वाराणसी ने यह मैच 18 रन से जीत लिया वाराणसी के तरफ से सुमित ने 2 विकेट लिए जो मैन ऑफ द मैच अमित यादव हुए।

### पी.एस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़**। क्षेत्र के मेहंदीगंज स्थित पी.एस. पब्लिक स्कूल में गुरुवार की शाम वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की थीम उड़ान रखी गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने एवं अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज निषाद (न्यायाधीश), महेन्द्र पटेल, (ब्लॉक प्रमुख), राजेन्द्र पटेल, कौशलेंद्र सिंह पटेल (पूर्व महापौर), भाजपा नेता राम सकल पटेल तथा विद्यालय के चेयरमैन अमरनाथ पटेलद्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि पी.एस. पब्लिक स्कूल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें कला, संस्कृति एवं खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने हेतु निरंतर मार्गदर्शन देना है, ताकि वे सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हो सकें। वार्षिक समारोह का सफल आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर दिनेश पटेल, मैनेजर उत्तम पटेल, प्रधानाचार्या कल्पना शर्मा तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की कुशल देखरेख एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

### मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे और पेडिया तोड़ने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कांधला**। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे और मदरसे के गेट पर लगी पैड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी आजम अली पुत्र हाजी हसन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गत दो दिसंबर की रात्रि दो बजे पड़ोस के ही अब्बास, यासीन, लीलू व साहिल ने एक राय होकर पीड़ित के मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़कर मदरसे के गेट पर लगी पेडियो को तोड़ दिया था। आरोप है कि विरोध करने पर मदरसे की पांच छात्राओं को भी मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि दो दिन पूर्व चारों लोगों ने मदरसे के गेट पर बनी पेडियो को जड़ से नष्ट करने का प्रयास किया। पीड़ितों ने विरोध किया तो चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# महिलाओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन – क्वीन ऑफ लखीमपुर शो 2025 में सजी सशक्तिकरण की चमक

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी**। महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शहर में आयोजित ह्लक्वीन ऑफ लखीमपुर शो 2025ह्व का भव्य आयोजन उत्साह और उल्लास के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया।

उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी मधुलिका त्रिपाठी, मयूरी नगर, डॉ. वी. बी. धुरिया, एसडीएम रेनू मिश्रा, निधि तिवारी, रश्मि महेंद्र, कीर्ति गुप्ता, रानी गुप्ता, पूनम गुप्ता, अंजू साहनी एवं नेहा शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के तहत आयोजित क्वीन ऑफ लखीमपुर मॉडलिंग शो 2025 में प्रतिभागी मॉडल्स ने आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और आकर्षक वॉक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म और टीवी जगत से जुड़े अभिनेता सिद्धार्थ ढांडा की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम में क्वीन ऑफ लखीमपुर शो सेमिनार भी आयोजित हुआ, जिसमें इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट प्रांची श्रीवास्तव ने महिलाओं को प्रोफेशनल मेकअप की तकनीकों एवं उपयोगी जानकारियों से अवगत कराया। सेमिनार में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और सम्मान पत्र प्रदान किए गए। आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागी महिलाओं को उनकी मेहनत और प्रतिभा के सम्मानस्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि यह मंच महिलाओं को अपनी पहचान बनाने और समाज में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजक श्वेता बजरंग शर्मा ने अतिथियों, प्रतिभागियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में और भी बड़े एवं प्रभावी आयोजन कराने का संकल्प व्यक्त किया।



## महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकास खंड क्षेत्र के गांव डांगरोल में डॉ. दिनेश कुमार के आवास पर अजेय योद्धा, साहस व वीरता के प्रतीक परम श्रद्धेय महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित लोगों ने महाराजा सूरजमल की उदारता, पराक्रम और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया।

इस अवसर पर महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पंवार ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अपने जीवनकाल में लगभग 80 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। उन्होंने सदैव धर्म की रक्षा की तथा भरतपुर रियासत का विस्तार करते हुए उसे मेरठ तक पहुंचाया।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर अनिल चौधरी ने कहा कि महाराजा सूरजमल जैसे महान शासक के कारण ही जाट समाज का नाम देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सम्मान के साथ लिया जाता है ।इस मौके पर वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रधान, जय कुमार, विनोद पंवार, सोमपाल पंवार, विनोद प्रधान, सुनील पंवार, मुकेश, देविंदर डायरेक्टर, बबलू, महाशय जी जगदीश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कूड़े के अंबार से जाम हुआ गांव का मुख्य संपर्क मार्ग



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** खंड विकास क्षेत्र के गांव चढ़ाव में ग्राम प्रधान और विकासखंड अधिकारियों की लापरवाही से मुख्य संपर्क मार्ग कूड़े के भारी ढेर से पूरी तरह बाधित हो गया है ।सड़क पर पड़े ढ़ेर की सफाई न होने के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आना-जाना होता है, जिनमें स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं तथा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक शामिल हैं, लेकिन रास्ता बंद होने से लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कई ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर निस्तारण की मांग की है ।ग्रामीणों का कहना है कि कूड़े के ढेर के कारण अब इस रास्ते से निकलना लगभग असंभव हो गया है। मजबूरी में लोगों को लंबा और खराब वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी हो रही है। कूड़े के ढेर से लगातार दुर्गंध फैल रही है और आसपास का माहौल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। गंदगी के कारण मच्छर, मक्खी और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और ग्राम पंचायत व संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

# झांसी मनस्विनी द्वारा शक्ति दिवस पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया**

**झांसी**। मनस्विनी द्वारा आज चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा अध्यक्ष रजनी सेठ की अध्यक्षता में शक्ति दिवस पर विशेष चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम झांसी के स्थानीय होटल सनराइज में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता ने कहा हमारे शास्त्रों में कहा गया है—श्यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताःश अर्थात जहाँ नारी की पूजा (सम्मान) होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है। लेकिन शक्ति का अर्थ केवल शारीरिक बल नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, सहनशीलता और विपरीत परिस्थितियों में अडिग रहने का नाम है।

नारी शक्ति का असली रूप उसके आत्मविश्वास और स्वावलंबन में झलकता है। जहां एक महिला परिवार की नींव होती है वहीं एक शिक्षित महिला समाज का भविष्य भी। इसलिए नारी को कमजोर न समझें, वह तो स्वयं ही सृष्टि की रचयिता है।





कार्यक्रम में महिला शक्ति पर लेख लिखने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शिवांगी सेठ प्रथम, राशि गुप्ता द्वितीय तथा मोनिका तृतीय स्थान पर रहीं। अन्य प्रतियोगिताओं में संयोगिता प्रथम, रीमा गुप्ता रजनी वर्मा तथा आयुषी गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही तथा कुसुम साहू तृतीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम में रजनी गुप्ता मीनू चावला रजनी सेठ संयोगिता सेन राम श्री गुप्ता प्रियंका सेठ मोनिका गुप्ता शिवांगी सेठ अर्चना गुप्ता कुसुम साहू नीलम गुप्ता प्रियंका सराओगी आयुषी गुप्ता शशि सराओगी दिव्या गुप्ता रचना सोनी रेनू शुक्ला पल्लवी चतुवेर्दी कल्पना सेठ राशि गुप्ता इत्यादि शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष संयोगिता सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मेरा युवा भारत, हापुड़ ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़**। जनपद में मेरा युवा भारत हापुड़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आज वी.एन. पब्लिक स्कूल पिलखुआ में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अल्का त्यागी एवं प्रबंधक श्री नागेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने बताया इन प्रतियोगिताओ का प्रमुख लक्ष्य युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना, उन्हें प्रतियोगिता के मैदान तक पहुँचने का अवसर देना और स्वस्थ जीवनशैली के साथ अनुशासन की भावना विकसित करना है। ऐसे कार्यक्रम क्षेत्रीय खिलाड़ियों को सामने लाने में सहायक होते हैं और उनकी दबे-छिपी क्षमताओं को उभारते हैं। ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों में अनेक युवा हुनर तो रखते हैं, पर सही मंच न मिलने के कारण वे पीछे रह जाते हैं। मेरा युवा भारत उन आकांक्षाओं को पहचान देकर, युवाओं को आगे बढ़ने की नई राह दिखा रहा है। प्रतियोगिता में बालिकाओं के लिए समूह स्पर्धा में खो-खो, तथा एकल स्पर्धा में 200 मीटर और 100 मीटर दौड़ एवं बैडमिंटन का आयोजन किया गया, जिसमें 200 मीटर दौड़ में काव्या प्रथम, दिव्या द्वितीय और साक्षी तृतीय रहीं, जबकि 100 मीटर दौड़ में मुक्ता प्रथम, सिद्धि द्वितीय और काव्या तृतीय रहीं। खो-खो में एस.पी.आई.सी. विद्यालय की टीम प्रथम तथा जी.आर.एस.एम. की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता में मोहिनी ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय और मिली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में समूह स्पर्धा वॉलीबॉल का आयोजन किया गया, जिसमें खेड़ा की टीम प्रथम और नारायणी सेना की टीम द्वितीय स्थान पर रही। एकल स्पर्धा में 400 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम, मनीष द्वितीय और आयुष तृतीय रहे, जबकि 200 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम, दिशांत द्वितीय और आयूष तृतीय स्थान पर रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में पियूष ने प्रथम, तुषार ने द्वितीय और आरुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलों के सफल संचालन में प्रधानाचार्या श्रीमति अल्का रावत, प्रबंधक श्री नागेन्द्र सिंह, सौरभ तोमर, काजल त्यागी, तेजेंद्र प्रताप, हरिओम राणा, सुरेंद्र कुमार, कृतिका त्यागी, विशाल राघव, आकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही, कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल एवं स्वयंसेवकों को भी स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



# विधायक धनघटा, डीएम व सीडीओ की उपस्थिति में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान जी, जिलाधिकारी आलोक कुमार व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत मण्डपम्-नई दिल्ली से वीर बाल दिवस के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम में सिक्खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह के साहबजादों जोरावर एवं फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया गया।

विधायक ने बच्चों को संस्कारवान, निडर एवं बहादुर बनने के लिए प्रेरित किया साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों के माता-पिता को भी धन्यवाद दिया।

मा0 प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन के उपरान्त बच्चों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु मा0 विधायक धनघटा, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

माध्यमिक शिक्षा से श्रेया सिंह, अनीशा, चन्दन, अंशिका राय, प्रगति सिंह को खेल में अच्छे कार्य के लिए एवं बेसिक शिक्षा से अनूप कुमार (साहस एवं खेल), अपेक्षा चौधरी (गणित ओलम्पियाड प्रतियोगिता), रोशनी (लोकनृत्य), नीलू (गोलाक्षेपण), शिल्पा (आविष्कार) को सम्मान प्रमाण पत्र एवं उपहार से सम्मानित करने के साथ ही कार्यकम में उपस्थित अन्य 40 बच्चों को भी उपहार दिया गया।

जिलाधिकारी ने बच्चों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जिलाधिकारी ने बच्चों को महान पुरूषों द्वारा किये गये कार्यों, उनकी जीवनी और उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तकों को पढ़ने एवं आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि इतिहास पुरुष के जीवनी को पढ़ने से अच्छे चरित्र का निर्माण होता है।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, शिक्षकगण, सी0डी0पी0ओ0 मेंहदावल, सुपरवाइजर एवं ऑगनवोंडी कार्यकत्री, सदस्य बाल कल्याण समिति अजय पाण्डेय, श्रीमती मोनिका शुक्ला डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर, वन स्टॉप सेन्टर से श्रीमती ऋतुका दूबे, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी महेश गुप्ता, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक सवार घायल

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप बाइक से जा रहे एक युवक को विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को कस्बे की जाट कॉलोनी स्थित मंदिर पुजारी का पुत्र अक्षय शर्मा, पुत्र सुरेंद्र शर्मा अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बे के दिल्ली रोड स्थित कांधला कॉलेज कांधला के निकट किसी कार्य के लिए जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही पेट्रोल पंप के निकट एक रेस्टोरेंट के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। मंदिर पुजारी का पुत्र बाइक से गिरकर घायल हो गया।सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# केंद्रीय लोक शिकायत जाँच आयोग में हुजैफा फिरोजाबादी बने वरिष्ठ मेंबर

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ/ संतकबीरनगर** केंद्रीय लोक शिकायत जाँच आयोग संस्थान ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हुजैफा फिरोजाबादी जी को वरिष्ठ मेंबर के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष नदीम भारतीय जी के आदेशानुसार की गई।

इस अवसर पर आयोग के राष्ट्रीय संरक्षक बी. डी. नकवी साहब (सदस्य, उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार), उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हाजी जहीर अहमद, तथा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मुख्य सलाहकार एवं उत्तर प्रदेश चेयरमैन डॉ. शहजाद मलिक जी की विशेष संस्तुति रही।

हुजैफा फिरोजाबादी जी की नियुक्ति की घोषणा होते ही आयोग से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए दिल से बधाइयाँ दीं




और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अपने सामाजिक कार्यों, जनसेवा के प्रति समर्पण, ईमानदारी और सक्रिय भूमिका के लिए पहचाने जाने वाले हुजैफा फिरोजाबादी जी लंबे समय से लोक शिकायतों, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। उनकी कार्यशैली, व्यवहार कुशलता और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।


इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि हुजैफा फिरोजाबादी जी आयोग की नीतियों और उद्देश्यों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगे तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे।

नवनियुक्त वरिष्ठ मेंबर हुजैफा फिरोजाबादी जी ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने कहा कि वे पूरी ईमानदारी, समर्पण और निष्पक्षता के साथ जनहित में कार्य करेंगे तथा संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

अंत में आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व और सक्रिय सहभागिता से केंद्रीय लोक शिकायत जाँच आयोग संस्थान को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी।

# एलम धरने पर पहुंचे नरेश टिकैत, बोले आबादी से नहीं गुजरने देंगे लाइन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एचटी विद्युत लाइन बिछाने को लेकर चल रहा विवाद लगातार गंभीर होता जा रहा है। उत्तरी विकास नगर की आबादी के बीच से लाइन निकाले जाने के विरोध में शुरू हुआ धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत धरने पर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों को संबोधित करते हुए विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया।

कस्बा एलम में बीते लगभग 16 दिनों से विद्युत विभाग द्वारा कस्बा एलम के उत्तरी विकास नगर क्षेत्र से होकर एचटी लाइन खींचने की तैयारी की जा रही है, जिसका स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। बुधवार को विद्युत विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मोहल्ले में पहुंची और जबरन कार्य शुरू कराने का प्रयास किया, लेकिन मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष पहुंचे और धरने को संबोधित करते हुए भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि आबादी वाले क्षेत्र से एचटी लाइन गुजरना सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक समस्या का स्थायी और सुरक्षित समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक किसी भी हाल में लाइन बिछाने नहीं दी जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग पर मनमानी करने और जनता की सुरक्षा की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।धरने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे तथा विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जबरन कार्य कराने का प्रयास किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## पांच स्वास्थ्य उपकेंद्रों के जर्जर भवनों का मलबा उठाया, कार्रवाई की मांग

**कांधला।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच स्वास्थ्य उपकेंद्रों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद ठेकेदार द्वारा नीलामी की राशि जमा न करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी शामली और थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि विकास खंड क्षेत्र के भभीसा, गंगेरू, आल्दी, इस्सोपुर टील व रसूलपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों के पुराने व निष्प्रयोजन भवनों के ध्वस्तीकरण व मलबा निस्तारण हेतु 19 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पर नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई थी। नीलामी में ग्राम संपला निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र राजा सिंह ने सर्वाधिक बोली लगाते हुए 5 लाख 48 हजार 100 रुपये में ठेका अपने नाम कराया था।

# निजीकरण का अभी कोई निर्णय नहीं तो निजीकरण की कार्यवाही तत्काल निरस्त की जाय : संघर्ष समिति

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने उप्र विधान सभा में दिए गए वक्तव्य कि, निजीकरण का अभी कोई निर्णय नहीं है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि जब निजीकरण का कोई निर्णय ही नहीं है तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया तत्काल निरस्त कर कार्य का स्वस्थ वातावरण बनाया जाय।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी दिलीप सिंह ने कहा कि गत वर्ष 25 नवंबर 2024 को पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष गोयल ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का एकतरफा ऐलान कर




ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना दिया जिसके चलते बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता विगत 13 माह से लगातार आंदोलन रत हैं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि निजीकरण के नाम पर ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त किया गया और इस प्रक्रिया में करोड़ों रुपए खर्च किया गया। अवैध ढंग से नियुक्त ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन द्वारा निजीकरण का आर एफ पी डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। इसी आर एफ पी डॉक्यूमेंट को पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन ने उप्र विद्युत नियामक आयोग को भेजा जिस पर विद्युत नियामक आयोग ने आपत्तियां दर्ज कर इसे पॉवर कॉरपोरेशन को वापस कर दिया।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी श्रवण प्रजापति ने कहा कि निदेशक वित्त के पद पर विवादित श्री निधि नारंग को इसी निजीकरण के नाम पर तीन बार सेवा विस्तार दिया गया। इन सबमें करोड़ों रुपए खर्च डालने के बाद अब यह पता चल रहा है कि निजीकरण का कोई निर्णय ही नहीं है।

## ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की मेहनत लाई रंग, वर्षों से परेशान ग्रामीणों की मिली राहत



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव छपिया माफी के पिपराचक के ग्रामीणों की वर्षों पूर्व से व्याप्त नाली और सड़क की समस्या का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के अथक प्रयास से समाधान हो गया है। आपको बता दें कि जनपद के सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपिया माफी के राजस्व गांव पिपरा चक में लगभग 150 मीटर सड़क और नाली का निर्माण कार्य नहीं होने से इस रास्ते पर चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इकबाल अहमद ने इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए सीसी रोड, नाली और ढक्कन का निर्माण कार्य कराकर वर्षों पूर्व से व्याप्त समस्या का समाधान कर दिया है। जिसकी ग्रामीणों ने प्रशंसा की है।

# भक्ति और भव्यता का संगम: डीपीएस मथुरा में वार्षिक समारोह मीरा आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/चौमुहां।** अकबरपुर हाईवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह ह्मीराः कृष्ण की दीवानी का आयोजन अत्यंत गरिमामय और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भक्ति, त्याग और प्रेम की अनूठी छटा बिखेरी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना था। समारोह की शुरूआत अतिथियों के भव्य स्वागत और स्वागत गान के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सावन कुमार खन्ना ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ंमीराः केवल एक मंच प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों तक नैतिक मूल्यों और आत्मिक चेतना को पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है।

?विद्यालय के प्रो-वाइस चेयरमैन एस. पी. लाल ने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ चारित्रिक विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डीपीएस मथुरा निरंतर ऐसे प्रयास करता रहता है जिससे विद्यार्थी अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहें।

?समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नीतू बिष्ट, लखन रावत, और भम्मू रावत उपस्थित रहे। साथ ही प्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी, अर्जुन रावत, खुशी लाल और एस.पी. ट्रैफिक मनोज कुमार ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास होता है।

?इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों (एम.डी. जैन स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सनराइज पब्लिक स्कूल) के निदेशक, प्रधानाचार्य एवं डीपीएस पलवल की उप-प्रधानाचार्या नीलम संधा व विजया सेठी ने भी विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की। ?कार्यक्रम के अंत में श्रीमती कविता ऋषि ने आयोजन समिति, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जीएम हॉस्पिटल व मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** नीमगांव-कुंजेरा रोड स्थित जीएम हॉस्पिटल में मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार, समाजसेवी जितेंद्र पुरोहित, नगर कार्यवाहक राकेश शर्मा, नीमगांव के प्रधान जुगल, सतीश ठेकेदार तथा वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. विनीत मोहन (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. निखिल जैन (स्पाइन), डॉ. शिवांगी नेगी, कॉलेज सचिव बी.बी. शर्मा एवं डॉ. बिंदेश दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार ने हॉस्पिटल प्रबंधन एवं सहयोगी टीम को जनसेवा हेतु बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्पाइन, गैस्ट्रो, हड्डी रोग सहित विभिन्न रोगों का परीक्षण एवं परामर्श किया गया। शिविर के दौरान बीपी, शुगर, थायराइड की जांच, फाइब्रोस्कैन मशीन से लीवर की जांच पूर्णतः निःशुल्क की गई तथा आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध कराई गईं।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 252 पंजीकरण हुए, जिनमें से 220 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया। जीएम हॉस्पिटल गोवर्धन के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अभिषेक चौधरी एवं डॉ. ललित सैनी द्वारा भी शुगर, थायराइड, बीपी, बुखार आदि रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां दी गईं।कार्यक्रम में गोवर्धन एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक गणमान्य नागरिक, एएनएम व जीएनएम के छात्र-छात्राएं, कॉलेज के प्रधानाचार्य चंचल, उप-प्रधानाचार्य विशाल सिंघल सहित कन्हैया सैनी, सागर शर्मा, कोमल, नेहा, गुरुदेव रामकुमार सैनी, मनोज समाधिया, बलराम तथा जीएम हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने 25 लाख से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किशन चौधरी जी ने जिला पंचायत निधि से स्वीकृत ग्राम पंचायत बोरपा में गाँव से टावर की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग के सीसी निर्माण कार्य (अनुमानित लागत ?25 लाख) का शिलान्यास किया। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जिपंअ का जगह-जगह स्वाफा बांधकर, पटुका व फूलों का हार पहनाकर का भव्य स्वागत किया।

इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। राहगीरों ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से आवागमन में काफी आसानी होगी।

इस अवसर पर विनोद (पूर्व प्रमुख गोवर्धन), भरत सिंह (पूर्व चेयरमैन, सोंख), चंद्रपाल प्रधान, वेद प्रधान (सींगा पट्टी), नीरज शर्मा, चौहल सिंह प्रधान (बोरपा), थान सिंह प्रधान (नगला शीशराम ) विजयपाल, योगेश पहलवान, रोहतास प्रधान, चंदगी नेता, मनोज सहित अनेक क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 1169 मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन ।** श्री राम बेरीवाला एवं श्याम सुंदर बेरीवाला की स्मृति में श्याम स्टील मेन्युफेक्करिंग लि. कोलकाता के सहयोग से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा 1169 लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन किया गया। जचौंदा स्थित नेत्र संस्थान पर शुक्रवार को आयोजित समापन समारोह में वक्ताओं ने आर्थिक युग में विपन्न लोगों की निःशुल्क सेवा के कार्य को पुनीत एवं यज्ञ बताया।

15 से 25 दिसंबर तक श्रीजी बाबा आश्रम पर कैम्प लगाकर चिन्हित मरीजों को अनवरत रूप से भर्ती किया गया तथा क्रमबद्ध आपरेशन किए गए। अतिथि वक्ताओं ने नेत्र संस्थान को उत्तर भारत में आंखों के संपूर्ण समाधान केन्द्र के रूप में उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दीं और लोगों से आग्रह किया कि रामसेतु निर्माण में जिस तरह गिलहरी ने सहयोग किया उसी तरह सामर्थ्यवान लोग सहयोग करें तो महंगी चिकित्सा भी आम आदमी के लिए सरल हो जाएगी।

अतिथि वक्ताओं में कुल भूषण जैड प्रधानाचार्य विरला स्कूल, आशीष भाटिया प्रशासनिक अधिकारी ज्ञानदीप शिक्षा भारती, राकेश शर्मा चेयरमैन नवोदिता विद्या मंदिर इंटर कालेज, प्रो. नबाव सिंह, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार बीएल शर्मा , सहायक निदेशक कार्यक्रम दूरदर्शन सत्यव्रत सिंह, कार्यक्रम अधिशासी आकाशवाणी ओ. पी. सिंह ने संस्थान के सेवा प्रकल्प की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। शंकरा फाउण्डेशन यूएसए की श्रीमती रूपा ने मरीजों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## सरकारी अस्पताल का शैक्षिक भ्रमण: छात्रों ने जाना इलाज व दवा प्रबंधन का तरीका

**कांधला।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में नगर स्थित द गॉड पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के तहत पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान छात्रों ने अस्पताल परिसर का अवलोकन करते हुए यह जाना कि मरीजों का पंजीकरण कैसे होता है, डॉक्टर किस प्रकार जांच कर उपचार करते हैं तथा दवाओं का भंडारण और वितरण किस व्यवस्था के अंतर्गत किया जाता है।

# वीर बाल दिवस पर आदर्श कंपोजिट विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के आदर्श कंपोजिट विद्यालय, बेगमाबाद में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली ।निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने धर्म, संस्कृति एवं शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता सराहनीय रही। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने संबोधित करते हुए कहा कि धर्म हमें संस्कार प्रदान करता है, संस्कृति हमारी पहचान है और शिक्षा हमें जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा दिखाती है।बालकों में इन मूल्यों का विकास ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# चार साहिबजादों की शहादत को समर्पित शहीदी सप्ताह की लंगर सेवा - राज ढींगरा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा बाल दिवस के अवसर पर चार साहिबजादों की सर्वोच्च शहादत को नमन करते हुए शहीदी सप्ताह की लंगर सेवा की गई। दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष आशीष भूटानी द्वारा बताया गया कि गुरु गोबिंद सिंह के चार नन्हे और वीर पुत्रों, साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह की सर्वोच्च शहादत को नमन करते हुए, दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा बस स्टैंड पर रोज सुबह एक चाय के लंगर की सेवा की जा रही है साथ ही संस्था के उपसचिव आशीष अरोड़ा ने बताया कि आज दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं अथवा शहर के सम्मानित और गणमान्य लोगों को इस सेवा के लिए सेवास्थल पर आमंत्रित किया गया था ।जिसमें सभी आए हुए लोगों ने सेवादार के रूप में अपनी सेवा निभाई तथा संस्था द्वारा इस लंगर सेवा का महत्व बताते हुए एक प्रतीक चिन्ह देकर सभी को इस सेवा से जोड़ा गया। यह लंगर हमें उन महान बलिदानों की याद दिलाता है, जहाँ इन छोटे साहिबजादों ने धर्म की रक्षा और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए, सरहिंद के नवाब के अत्याचारों के सामने झुकने से इनकार कर दिया और अपनी जान न्योछावर कर दी, जैसा कि साका सरहिंद में हुआ।इस अवसर पर, हमारे समाज के युवाओं को इन वीरों की गाथा से प्रेरणा लेने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया जाता है, ताकि वे सच्चाई, ईमानदारी और देश-धर्म के प्रति समर्पण के मार्ग पर चल सकें।

# सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम का आयोजन 28 दिसम्बर को

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास द्वारा रविवार 28 दिसम्बर 2025 सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास मोदीनगर से जुड़े भक्त जनों ने बताया कि रविवार 28 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम का आयोजन बी.आर. फार्म

पिलर नं0 1029, निकट एस. आर.एम. यूनिवर्सिटी, मोदीनगर (गा०बाद) में आयोजित किया जा रहा है ।सत्संग वार्षिक उत्सव व संत समागम में परम सानिध्य गुरूदेव परम पूज्य पं० अशोक शास्त्री जी संस्थापक व संरक्षक श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास,श्री श्री गौप्रतिष्ठानंद जी महाराज राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाअभियान समिति दिल्ली,परम-पूज्य केशवानंद सरस्वती जी महाराज महामंडलेश्रवर श्री शुक्र तीर्थ हनुमंत धाम,श्री श्रीमद् भक्ति भूष्ण गोविन्द महाराज श्री शुक्र-तीर्थ गौड़ीय मठ पीठाधीश्वर श्री त्रिदण्डी स्वामी सदस्य-विश्व वैष्णव राजसभा अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान करेंगे। श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास से जुड़े भक्त जनों ने कहा है कि सभी श्रद्धालु भक्तजनों से अपील की है कि आप सभी ईष्ट मित्रो सहित दिव्य उत्सव में संतो की वाणी से होने वाली अमृत वर्षा का रसास्वादन कर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# टीआरएम पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, साहस, नैतिक मूल्य और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। स्कूल के डायरेक्टर गौरव माहेश्वरी ने बताया कि कार्यकम आयोजन की मुख्य झलकियाँ निबंध लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ भाषण, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ चित्रकला और समूह चर्चा प्रेरणादायक चलचित्र और शिक्षक-विद्यार्थी संवाद सांस्कृतिक एवं सौहार्दपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गई।विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यालय में दिखाया गया। जिसे विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन एवं गंभीरता के साथ देखा।हम अपने सभी विद्यार्थियों की उत्साही सहभागिता और अभिभावकों के सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# प्रतिष्ठित उद्यमी स्व. अशोक अग्रवाल एवं भतीजे स्व.अभिनव अग्रवाल को लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर के प्रतिष्ठित उद्यमी एवं व्यापारी नेता स्वर्गीय अशोक अग्रवाल एवं उनके भतीजे स्वर्गीय अभिनव अग्रवाल की सड़क हादसे में हुए निधन के बाद श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में जिले भर से आए गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

शुक्रवार को नगर के लक्ष्मी नारायण मोदी मंदिर में दिवंगत आत्मा अशोक अग्रवाल एवं उनके भतीजे अभिनव अग्रवाल के लिए श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें जिला गाजियाबाद सहित प्रदेश भर से अशोक भैया के परिवार से जुड़े व्यापारी,राजनीतिक व पत्रकार जगत से जुड़े लोगों ने गहरा शोक प्रकट करते अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि स्वर्गीय अशोक अग्रवाल एवं उनके भतीजे अभिनव अग्रवाल सहित चार लोगों का सड़क हादसे में 16 दिसंबर को निधन हो गया था तब से ही उनका परिवार गहरे शोक में डूबा हुआ था ।शुक्रवार को लक्ष्मी नारायण मोदी मंदिर में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से परिवार को दुख सहने की ताकत प्रदान करने की प्रार्थना की।

# भाकियू महाशक्ति के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** तहसील परिसर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कार्यकताओं ने दिया धरना जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया ।संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी शिकारपुर अरुण कुमार वर्मा को दिया गया है। भाकियू एनसीआर अध्यक्ष चौधरी नरेश प्रधान ने कहा है कि तहसील में लेखपालों ने प्राइवेट आदमी रखकर किसानों से करा रहे हैं मनमानी अवैध वसूली तहसील में विभिन्न सीटों पर प्राइवेट कर्मचारी बैठे हैं जोकि जनता का करते हैं शोषण लेकिन अब किसानों पर अत्याचार शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके साथ ही ज्ञापन में प्रमुख मांगों का उल्लेख किया गया है इनमें तहसील के लेखपालों और कानून गो द्वारा चक की पैमाइश के नाम पर किसानों से अवैध वसूली का आरोप शामिल है। इसके अतिरिक्त गांव कादराबाद में एक गरीब किसान की जमीन को लगान पर खेती करने वालों के नाम दाखिल खारिज करने का मुद्दा भी उठाया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों पर घरेलू कनेक्शन पर सरकार द्वारा दी जा रही छूट न दिए जाने का आरोप भी लगाया गया है। वहीं किसानों ने अनाज मंडी में ₹ छन्नार के नाम पर किसानों को लूटे जाने और छुट्टा व आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नष्ट करने की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की गई है। उधर पालिका अध्यक्ष एवं ईओ पर सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्यों को पूरा कराने में सक्षम नहीं होने का भी आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।उधर एसडीएम ने सभी किसानों को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है जिस पर किसानों ने अपना धरना का समापन किया। ईओ नीतू सिंह ने भगत सिंह चौक से बनने वाली सड़क पर 15 जनवरी से निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। किसानों को एसडीओ राम आशीष यादव ने बिजली समस्याओं के समाधान का पूर्ण भरोसा दिलाया है। ज्ञापन देने वालों में एनसीआर अध्यक्ष नरेश प्रधान जिलाध्यक्ष चौधरी जितेंद्र सिरोही चंद्रवीर सिंह डॉ. सुखपाल सिंह सुभाष चंद्र गौरव चौधरी मनोज शर्मा भूपेंद्र सिंह उर्फ बाबू मामऊं जफरुद्दीन खान मोनू नरेश रूप सिंह रमेश रूपेश शर्मा धनवीर पंकज चौधरी कलंदर सिंह अमित कुमार राजपाल सिंह इंद्र सिंह अजयपाल सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# बिजली बिल राहत योजना की समीक्षा एवं क्रियावन्य हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ,( अनिल वशिष्ठ )।** भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आर०डी०एस०एस०, बिजनेस प्लॉन, लैफ्ट ओवर हाऊस होल्ड एवं बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की समीक्षा एवं क्रियावन्य हेतु डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद के द्वारा दुर्गावती देवी सभागार कक्ष विकास भवन, गाजियाबाद में समीक्षा/बैठक का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियन्ता /सदस्य सचिव, डी०ई०सी०, गाजियाबाद महेश उपाध्याय नहीं बताया कि शुक्रवार को

दुर्गाचती देवी सभागार कक्ष विकास भवन, गाजियाबाद में भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आर०डी०एस०एस०, बिजनेस प्लॉन, लैफ्ट ओवर हाऊस होल्ड एवं बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की समीक्षा एवं क्रियावन्य हेतु डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद के द्वारा समीक्षा/बैठक का आयोजन किया गया।समीक्षा / बैठक में अतुल गर्ग सांसद, गाजियाबाद एवं अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद, डॉ० राजकुमार सांगवान, संसाद, बागपत एवं सह-अध्यक्ष, श्रीमती ममता त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष, गाजियाबाद एवं सदस्य, , अजीत पाल सिंह त्यागी विधायक, मुरादनगर एवं सदस्य, संजीव शर्मा, विधायक, गाजियाबाद एवं सदस्य,अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, पवन कुमार अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता (वि०), गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम, गाजियाबाद, नरेश कुमार भारती, मुख्य अभियन्ता (वि०), गाजियाबाद क्षेत्र-द्वितीय, गाजियाबाद, समस्त अधीक्षण अभियन्ता एवं समस्त अधिशासी अभियन्ता अन्तर्गत गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद उपस्थित रहे। सनीक्षा/बैठक के दौरान जिला गाजियाबाद के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत किये गये कार्यों, बिजनेस प्लॉन 2023-24 एवं 2024-25 में पूर्ण किये गये कार्यों एवं बिजनेस प्लॉन 2025-26 में स्वीकृत तथा किये जा रहे कार्यों, अविद्युतीकृत क्षेत्रों में विभाग द्वारा चलायी जा रही 70/- रुपए प्रति वर्ग फीट की दर विद्युत संयोजन निर्गतन हेतु योजना के अन्तर्गत निर्गत किये गये विद्युत संयोजन एवं की गयी ऊर्ध्वाधर पुनर्गठन के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए समीक्षा बैठक में उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

# डिजिटल इंडिया की रीढ़ सीएससी संचालकों को मिले सुरक्षा व सम्मान-निर्वाण फाउंडेशन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चन्द ने बताया कि सीएससी, वीएलइ जनसेवा केंद्र संचालकों के सामाजिक-आर्थिक एवं व्यावसायिक हितों के संरक्षण को लेकर निर्वाण फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री को मांग एवं सुझाव पत्र दिया है। फाउंडेशन ने कहा कि सीएससी वीएलइ जनसेवा केंद्र संचालक डिजिटल इंडिया और विकसित भारत अभियान की वास्तविक जमीनी शक्ति हैं, जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आवास, पेंशन, छात्रवृत्ति, बीमा, रोजगार एवं शैक्षणिक योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। निर्वाण फाउंडेशन ने कहा कि सीमित संसाधनों व अनिश्चित आय के बावजूद संचालक निष्ठा से सेवा दे रहे हैं, परंतु आज तक उनके लिए कोई ठोस सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था नहीं बनाई गई है। प्रमुख मांगें सभी सक्रिय संचालकों को 1000 प्रतिदिन न्यूनतम मानदेय स्वास्थ्य सुरक्षा, पीई - ईएसआईसी व जीवन बीमा सुविधा, जनसेवा केंद्रों के तकनीकी उन्नयन हेतु वित्तीय सहायता, नियमित प्रशिक्षण एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध कराना फाउंडेशन ने सुझाव दिया कि ग्राम स्तर पर पारदर्शिता हेतु अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की तीन-माही संयुक्त समीक्षा बैठक अनिवार्य की जाए।

# वार्ड 45 में सामुदायिक केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार करें: नगरायुक्त

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम अधिकारियों के साथ आज वार्ड 46 मोहित विहार एवं वार्ड 60 हयात कॉलोनी के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड 45 में सामुदायिक केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार करने और एमआरएफ सेंटर को व्यवस्थित करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए। नगरायुक्त ने वार्डो में निगम अभिलेखों की जांच कर निगम की सम्पत्तियों को चिह्नित करने और यदि उन पर किसी का कब्जा है तो उसे कब्जा मुक्त कराने के निर्देश भी दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह तथा अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के साथ वार्ड 46 पहुंचे। क्षेत्रीय पार्षद ज्योति अग्रवाल ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराय। पार्षद ज्योति ने एमआरएफ सेंटर में खराब पडे.कंटेनरों तथा उसके निकट एक मैदान में डम्प हो रहे कचरे की ओर ध्यान दिलाते हुए उसे व्यवस्थित करने की मांग की। नगरायुक्त ने नगर स्वास्थय अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पुराने निष्प्रयोज्य कंटेनरों का निस्तारण कराएं और मैदान में कूड़ा डम्प न कराकर कूडे. की गाड़ियां एमआरएफ सेंटर में खाली कराने के बाद वहीं पर कूडा सेग्रीगेशन कराएं।

नगरायुक्त ने एमआरएफ सेंटर का पिछला गेट चौड़ा करने के निर्देश भी निर्माण विभाग को दिए ताकि कूडे.की गाड़ियां एफआरएफ के भीतर तक जा सकें। पार्षद ज्योति के सुझाव पर नगरायुक्त ने फिलहाल जहां कूड़ा पड़ा है, उस मैदान पर सामुदायिक केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए। उन्होंने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देश दिए कि वार्ड में और जो भी निगम की सम्पत्तियां है, उनकी जांच कर उन्हें चिह्नित करें और यदि किसी ने उन पर कोई अवैध कब्जा कर रखा है तो उसे कब्जा मुक्त कराएं। उन्होंने बेहट रोड पर गलत तरीके से लगाए गए विज्ञापन पटों को भी हटाने के निर्देश दिए।

इसके बाद नगरायुक्त ने वार्ड 60 हयात कॉलोनी में निमार्णाधीन नाले का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए। उन्होंने पार्षद प्रवेज मलिक के साथ वार्ड का निरीक्षण किया और नगर स्वास्थय अधिकारी को वार्डो की साफ-सफाई तथा नालियों की विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए।

## जर्जर लाइनों के शीघ्र बदलाव और बेहतर बिजली आपूर्ति पर जोर

# सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में जिला विद्युत समिति की अहम समीक्षा बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ और जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शुक्रवार को दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिला विद्युत समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सांसद एवं जिला विद्युत समिति के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने की। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित संशोधित वितरण क्षेत्र योजना, विद्युत व्यवसायिक योजना, लंबित घरेलू उपभोक्ता मामलों तथा वर्ष 2025-26 की बिजली बिल राहत योजना की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान जनपद गाजियाबाद में संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों, वर्ष 2023-24 और 2024-25 की विद्युत व्यवसायिक योजना में पूर्ण किए गए कार्यों तथा वर्ष 2025-26 में स्वीकृत और प्रगति पर चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही अविद्युतीकृत क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा संचालित प्रति वर्ग फीट सत्तर रुपये की दर से विद्युत संयोजन प्रदान करने की योजना के अंतर्गत दिए गए कनेक्शनों और विभागीय ढांचे के ऊर्ध्व पुनर्गठन से संबंधित बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जिले के नागरिकों को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने वर्षों पुरानी और जर्जर हो चुकी विद्युत लाइनों व खंभों को शीघ्र बदलवाने, लंबित आवेदनों पर तत्काल विद्युत संयोजन जारी करने तथा बिजली विभाग से जुड़ी जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति पहुंचे। इसके लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित समीक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से धरातल पर उतारा जाए, ताकि आम जनता को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक में बागपत के सांसद एवं जिला विद्युत समिति के सह-अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सांगवान, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, मुरादनगर के विधायक अजीत पाल सिंह त्यागी, गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, गाजियाबाद क्षेत्र के मुख्य अभियंता प्रथम पवन कुमार अग्रवाल, मुख्य अभियंता द्वितीय नरेश कुमार भारती, सहित सभी अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर यह विश्वास व्यक्त किया गया कि जिला विद्युत समिति के माध्यम से योजनाओं की निरंतर समीक्षा से जनपद गाजियाबाद में विद्युत व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।

# प्रदेश के पहले दिव्यांग पार्क को वोटिंग पार्क बनाने से बचाने के लिए आईपीए ने की मुख्यमंत्री से अपील

## इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने दिव्यांग बच्चो के पार्क को बचाने के लिए खोला मोर्चा

**वेलकम इंडिया**






**गाजियबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने दिव्यांग पार्क को दौरा कर दिव्यांग बच्चो के अधिकार को बचाने के लिए मोर्चा खोल दिया है मामला है गाजियाबाद के इंद्रापुरम में वर्ष 2020 में बना प्रदेश का पहला दिव्यांग पार्क जिसका उद्घाटन उस समय के केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह द्वारा किया गया था को अब जीडीए द्वारा वोटिंग पार्क के नाम पर व्यवसायिक गतिविधि आयोजित करने के नाम पर उजाड़ने की कोशिश कर दिव्यांग बच्चो के अधिकार को छिनने की कोशिश की जा रही है इस प्रकरण पर जब हमारी वार्ता आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी और महासचिव महिपाल रावत से हुई तो उन्होंने बताया कि हमने इस दिव्यांग पार्क में आकर दिव्यांग बच्चो और इनके अभिभावकों से मिलकर पार्क का दौरा किया तो देखा कि 19 दिसंबर की रात को प्रदूषण की तमाम पाबंदियों के बाद भी पार्क में खुदाई कर इसे उजाड़ने की कोशिश की गई है जिसको लेकर सभी दिव्यागजन अभिभावकों में रोष है हालांकि आईपीए और अभिभावकों के प्रयासों के बाद कार्य को रोक दिया गया है लेकिन अभिभावकों को अभी भी चिंता है कि कहीं दुबारा अधिकारी इसको उजाड़ ना दे क्योंकि पार्क में जो खुदाई की गई थी अभी तक उसको पहले की स्थिति में नहीं किया गया है आईपीए प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील करती है कि इस गंभीर विषय का संज्ञान ले और अधिकारियों को दिव्यांग पार्क को अपनी पुरानी स्थिति में लौटाने का निर्देश दे। हम चेतावनी देते है कि अगर पार्क को उजाड़ने की कोशिश की गई तो आईपीए और अभिभावक किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है आईपीए के कानूनी सलाहकार अशोक गहलोत , सुमित त्यागी एवं पदाधिकारी राहुल शर्मा का कहना है कि दिव्यांग बच्चो के पार्क को तोड़ना सरासर संविधान के अनुच्छेद 21 एवं दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 का उलंघन है हम इन दिव्यांग बच्चो के अधिकारों की रक्षा करने के लिए कानूनी लड़ाई के साथ जमीनी लड़ाई भी लड़ने को तैयार है इसलिए हम अधिकारियों से अनुरोध करते है कि वो दिव्यांग बच्चो के पार्क को क्षति पहुंचाने की कोशिश ना करे। इस मौके पर कन्हैया सिंह , भाग सिंह बिष्ट, मोती देवी, हेमाक्ष कौशिक, ऋचा राय, ज्योति झा, आनंद , कविता झा, नीतू झा, मिस्टर जे.के. झा, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आंचल बंसल, वरुण बंसल, सुमित सिंह, अश्वनी यादव, रजत सिंह, प्रद्युम्न सिंह, प्रितेश सिंह, विवेक चौहान आदि उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े रिटायर्ड फौजी की सिर में गोली मारकर हत्या, बाइक सवार बदमाश फरार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज हत्या की वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोनी थाना क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक रिटायर्ड फौजी की नजदीक से गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है, जब रिटायर्ड फौजी घर से टहलने निकले थे। मृतक की पहचान योगेश कुमार (60 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से प्रयागराज के निवासी थे। वर्तमान में वह लोनी के अशोक विहार कॉलोनी में रह रहे थे और करीब दो महीने पहले ही भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त हुए थे। शुक्रवार को दोपहर का भोजन करने के बाद योगेश कुमार टहलने के लिए घर से निकले थे। जब वह अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर 30 फीटा रोड पर स्थित एक मैकेनिक की दुकान के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार दो युवक वहां आ पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवकों ने कुछ देर तक योगेश कुमार से बातचीत की। इसी दौरान अचानक एक बदमाश ने तमंचा निकालकर गोली चलाने का प्रयास किया। योगेश ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन तभी दूसरे बदमाश ने बेहद नजदीक से उनके सिर में लगातार दो गोलियां मार दीं।

गोली लगते ही योगेश कुमार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात के समय दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखे थे, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। गोली चलने के बाद दोनों आरोपी बाइक तेज गति से दौड़ाते हुए मौके से फरार हो गए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में उबालः नवयुग मार्केट शहीद स्थल पर डॉ. मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित अत्याचारों के विरोध में शुक्रवार को नवयुग मार्केट स्थित शहीद स्थल पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा और परमार्थ सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच बांग्लादेश सरकार के प्रधान सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का पुतला क्रेन से लटकाकर दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने आरोप लगाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है। उनका कहना था कि जिस बांग्लादेश की स्वतंत्रता में हिंदू समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही, आज वहीं हिंदुओं की कथित तौर पर सरेआम हत्या, उनके घरों और प्रतिष्ठानों में आगजनी, लूटपाट और महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाओं पर कठोर कार्रवाई न होने से आक्रोश बढ़ा है। परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी वी.के. अग्रवाल ने कहा कि बांग्लादेश में एक हिंदू युवक को जिंदा जलाकर मारने की कथित घटना ने मानवता को झकझोर दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि ऐसे कृत्यों पर सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार को कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी पहल करनी चाहिए, ताकि पीड़ित समुदाय को सुरक्षा मिल सके।

# वीवीआईपी सुइट होटल में दबंगई का तांडव, युवक ने साथियों संग मचाया हंगामा

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी सुइट होटल में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि युवक ने होटल स्टाफ के साथ अभद्रता की, होटल संचालन पर सवाल उठाते हुए उसे बंद कराने और तोडफोड़ करने की खुली धमकी दी। होटल प्रबंधन की शिकायत पर नंदग्राम थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटल प्रबंधक और दिल्ली के नांगलोई निवासी राजकुमार सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बुधवार को वीवीआईपी सोसायटी निवासी गौरव त्यागी सात-आठ अज्ञात लोगों के साथ होटल परिसर में पहुंचा। आते ही उसने होटल स्टाफ से दुर्व्यवहार शुरू कर दिया और बिना किसी कारण के हंगामा करने लगा।

# साहिबजादों का बलिदान राष्ट्र की अमर विरासत, युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत: नरेंद्र कश्यप

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल बने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए शुक्रवार को लोनी क्षेत्र के इंद्रपुरी स्थित सचखंड नानकधाम दास धर्म गुरुद्वारा परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों का बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की अमर धरोहर है। अल्पायु में धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले साहिबजादे साहस, आत्मबल और देशभक्ति की ऐसी मिसाल हैं।

# मतदाता पहचान पत्र: 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा समय रहते करें आवेदन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मोंदड़ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनपद के नागरिकों, विशेषकर युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी युवा जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या होने वाली है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि इसके अतिरिक्त ऐसे मतदाता, जिनका नाम पूर्व पते से स्थानांतरण के कारण हट गया हो, या जो किसी कारणवश वर्ष 2025 की मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हों, वे भी नए सिरे से आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता पंजीकरण प्रपत्र क्रमांक-6 के साथ घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिक दो माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सहायता मोबाइल अनुप्रयोग अथवा निर्वाचन आयोग के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। वहीं, ऑफलाइन आवेदन के इच्छुक नागरिक प्रपत्र क्रमांक-6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी को जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदनकर्ता को प्रपत्र क्रमांक-6 के साथ हस्ताक्षरित घोषणा पत्र देना होगा और पहचान एवं आयु प्रमाण के रूप में निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी। इनमें केंद्र अथवा राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा जारी पहचान पत्र या पेंशन आदेश, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज मान्य हैं।

# विचार गोष्ठी और जीवन आधारित प्रदर्शनी ने नई पीढ़ी को किया प्रेरित



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले चारों साहिबजादों की अमर शहादत को नमन करते हुए शुक्रवार को विजय नगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में एक भव्य विचार गोष्ठी एवं साहिबजादों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद अतुल गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। इस अवसर पर सिख समाज की प्रतिष्ठित विभूतियों सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, सरदार एस.पी. सिंह ओबेरॉय, सरदार जोगेंदर सिंह एवं गुलशन भामरी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के संयोजक सचिन डेढ़ा एवं सह-संयोजक सरदार बलप्रीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को साहिबजादों के अद्वितीय साहस, धर्मनिष्ठा, त्याग और बलिदान की गौरवशाली गाथा से परिचित कराना है।

# गाजियाबाद सिहानी गेट पुलिस ने वाहन चोर गैंग का किया पदार्फाश, 11 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**



जिला गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अलगझअलग कंपनियों की कुल 11 चोरी की मोटरसाइकिल और बुलेट बरामद की हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान लोहियानगर और पटेल नगर चौकी की संयुक्त टीम ने यह सफलता हासिल की। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 0445/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 3/5 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**चोरी का तरीका**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों, अंधेरी गलियों, अस्पतालों, रोड साइड और सोसाइटी के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। आरोपी रात और तड़के के समय रेकी कर ऐसी बाइकों का चयन करते थे जिन्हें आसानी से उड़ाया जा सके। 30 से 60 सेकंड में लॉक तोड़कर वाहन चोरी कर लेते थे और तुरंत दूसरे क्षेत्रों में ले जाकर बेच देते थे। एक बाइक के बदले उन्हें 5,000 से 10,000 रुपये तक मिल जाते थे।

**मिस्त्री की भूमिका**

पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग में शामिल मिस्त्री चोरी की मोटरसाइकिलों के इंजन और चेसिस नंबर बदल देता था। फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन की पहचान छिपाई जाती थी। कुछ वाहनों के पुर्जे अलग-अलग कर बेचने की बात भी सामने आई है।

**बरामदगी**

आरोपियों के कब्जे से कुल 11 अदद चोरी की मोटरसाइकिल/बुलेट बरामद की गई हैं, जिनमें विभिन्न जनपदों से चोरी किए गए वाहन शामिल हैं। बरामद वाहनों का विवरण संबंधित थानों से सत्यापन के बाद दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और गैंग से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।